Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...
रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

समय दर्शन

ESTD : Since 2011
संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर
निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पताः- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 13, अंक 302 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, सोमवार 26 अगस्त 2024 | www.samaydarshan.in

संक्षिप्त समाचार

पटियाला में विदेशी लड़की गिरफ्तार, कर रही थी ड्रग्स की तस्करी

पटियाला। पंजाब के पटियाला में एक नाइजीरियाई लड़की ड्रग्स के साथ पकड़ी गई है। पुलिस ने लड़की को पटियाला जिले के राजपुरा से गिरफ्तार किया है। विदेशी लड़की जालंधर लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में पढ़ती है। और वह वहां ड्रग्स ले जाकर बेचती थी। डीएसपी हरमनप्रीत सिंह चीमा ने बताया कि डीआईजी पटियाला रेंज हरचरण सिंह भुल्लर के दिशा निर्देश पर इंस्पेक्टर किरपाल सिंह एसएचओ के नेतृत्व थाना सदर राजपुरा की पुलिस ने बदमाशों और गुंडों को पकड़ने के लिए मुख्य जीटी रोड (राजपुरा से सरहिंद रोड) के सामने एजीएम रिसोर्ट बसंतपुरा में नाकाबंदी की हुई थी। नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध नाइजीरियाई लड़की बस या किसी अन्य वाहन के जरिए पंजाब में दाखिल होने की फिराक में खड़ी थी, तभी वह नाकाबंदी पर खड़ी पुलिस पार्टी को देखकर घबरा गई और एक वाहन से उतरकर वापस भागने लगी। पुलिस पार्टी ने उसे बहुत मुस्तैदी से काबू कर लिया।

लेखक विकास अरूण पारीक की दोहरी साहित्यिक सफलता का मनाया गया जश्न

नई दिल्ली। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में साहित्यिक सफलता के जश्न का माहौल था, जहां विकास अरुण पारीक, जिनकी प्रशंसित पत्र-आधारित उपन्यास *लेटर्स टू माई मदर* की पहली वर्षगांठ मनाई गई। इस उपन्यास को विश्वकर्मा द्वारा प्रकाशित किया गया है और इसे द बुक बेकर्स द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इस उपन्यास ने अपने पहले वर्ष में 5,000 से अधिक प्रतियों की बिक्री के साथ व्यापक सराहना प्राप्त की है। इस अवसर पर पारीक की पूर्व प्रकाशित कृति *वॉयसेस ऑफ द साइलेंट क्रीक* का पुन:विमोचन भी किया गया, जो सामाजिक मुद्दों पर आधारित एक सशक्त कथा है, जिसे किताबलवर्स ने प्रकाशित किया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संदीप मारवाह उपस्थित थे, जिन्होंने साहित्य में अपने समृद्ध अनुभव को साझा किया और पारीक को निरंतर सफलता की शुभकामनाएं दीं। मारवाह के वक्तव्य ने दिन के लिए एक विचारशील माहौल तैयार किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थों के परिदृश्य पर एक बैठक को संबोधित किया

टॉप टू बॉटम और बॉटम टू टॉप' अप्रोच अपनानी होगी-अमित

रायपुर। संवाददाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों का अवैध कारोबार ना केवल भारत के लिए चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प एवं रणनीति के साथ देश इस समस्या से पार पा सकता है। शाह ने आज नवा रायपुर के एक होटल में छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर एक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लड़ाई में सफलता प्राप्त करने के लिए मादक पदार्थों का पता लगाने, नेटवर्क को नष्ट करने, अपराधी को हिरासत में लेने और नशे के आदी लोगों का पुनर्वास' करने के चार सूत्रों पर जोर दिया। शाह ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को नशा मुक्त बनाने का संकल्प किया है, जब देश की आजादी का 100 वां वर्ष मनाया जाएगा। धीरे-धीरे यह संकल्प 130 करोड़ आबादी का संकल्प बन गया है। मेरा मानना है कि नशा मुक्त भारत का संकल्प एक समृद्ध, सुरक्षित और गौरवशाली भारत बनाने में बहुत महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा, ''अवैध मादक पदार्थों का कारोबार ना केवल भारत के लिए एक चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। मेरा मानना है कि देश में लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की ज्यादा जरूरत है। अगर हम दृढ़ संकल्प और रणनीति के साथ लड़े तो हम यह लड़ाई जीत सकते हैं। मुझे कहने में झिझक नहीं है कि कई देश इसके खिलाफ

अपनी लड़ाई हार चुके हैं। शाह ने कहा,''मादक पदार्थों के अवैध व्यापार का उद्देश्य ना केवल युवाओं को बर्बाद करना है बल्कि मादक पदार्थों के व्यापार से उत्पन्न अवैध धन का उपयोग राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी किया जाता है। यह हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है कि कतई बर्दाश्त नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति के साथ देश को नशा मुक्त बनाया जाए। केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के उपयोग पर भी चिंता व्यक्त की और कहा, ''छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के दुरुपयोग का प्रतिशत 1.45 है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। छत्तीसगढ़ की सीमा ओड़िशा और आंध्र प्रदेश सहित सात राज्यों से लगती है, जहां से मादक पदार्थों की तस्करी की जाती है।'' उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 4.98 प्रतिशत गांजे का नशे के लिए उपयोग किया जाता है जो राष्ट्रीय औसत 2.83 प्रतिशत से अधिक है, जो हमारे लिए चिंता का विषय है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ड्रग तस्कर अपना तरीका बदल रहे हैं और प्राकृतिक दवाओं से सिंथेटिक दवाओं की ओर जा रहे हैं। जिससे सबसे अधिक नुकसान होता है। उन्होंने मादक पदार्थों के व्यापार नेटवर्क को खत्म करने के लिए 'ऊपर से नीचे' और 'नीचे से ऊपर' दृष्टिकोण के साथ वैज्ञानिक जांच पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।

नेफेड और एनसीसीएफ पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीकरण हो

शाह ने कहा कि इथेनॉल उत्पादन के लिए एनसीसीएफ नेफेड और राज्य के बीच अनुबंध होना चाहिए, जिससे किसानों को मक्के की खेती के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि मक्के की खेती में लागत भी कम है और केन्द्र सरकार किसानों का सारा मक्का अच्छे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद रही है। किसानों के कृषि उत्पाद की बिक्री के लिए 'पैक्स' की ओर से नेफेड और एनसीसीएफ पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीकरण होना चाहिए। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में 6 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक हैं। पैक्स के विस्तार को देखते हुए कम से कम 4 और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक स्थापित किये जाये।

अमेरिका-भारत संबंधों की गति की प्रशंसा की

भारत-अमेरिका साथ मिलकर काम करने के लिए इच्छुक हैं

वाशिंगटन/ एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका मिलकर काम करने और एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ उठाने के इच्छुक हैं. उन्होंने मैरीलैंड में एक शीर्ष अमेरिकी नौसैन्य युद्ध सामग्री केंद्र का निरीक्षण करने के बाद यह टिप्पणी की. सिंह अमेरिका और भारत के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अमेरिका की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं.सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कार्डेरॉक में नौसैन्य सतह युद्ध

सामग्री केंद्र का दौरा किया और इस केंद्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयोगों को देखा. उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका मिलकर काम करने तथा एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ उठाने के इच्छुक हैं. इससे पहले, सिंह ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात की. ऑस्टिन ने सिंह के साथ बैठक के दौरान अमेरिका-भारत संबंधों की गति की प्रशंसा की. उन्होंने विभिन्न रक्षा मुद्दों पर दोनों देशों के बढ.ते सहयोग का उल्लेख किया, जिसमें उनकी सेनाओं के बीच महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के प्रयास भी शामिल हैं.ऑस्टिन ने कहा, हम एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र का दृष्टिकोण साझा करते हैं और हमारा रक्षा सहयोग लगातार मजबूत होता जा रहा है. हम अपने रक्षा औद्योगिक संबंधों का विस्तार कर रहे हैं।

भाजपा शासित राज्यों में बुलडोजर एक्शन पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

नई दिल्ली। भाजपा शासित राज्यों में अपराधियों के घर पर बुलडोजर एक्शन को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सवाल उठाए हैं। खड़गे ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों को बार-बार निशाना बनाया जाना बेहद परेशान करने वाला है। कानून के शासन वाले समाज में ऐसी कार्रवाइयों का कोई स्थान नहीं है। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि बुलडोजर न्याय पूरी तरह अस्वीकार्य है, यह बंद होना चाहिए। कांग्रेस नेता का बयान ऐसा वक्त में जब मध्य प्रदेश के छतरपुर में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में आरोपी के घर को बुल्डोजर से जमींदोज किया गया।

सच आएगा सामने!

मुख्य आरोपी संजय रॉय का जेल में किया जा रहा पॉलीग्राफटेस्ट...

नयी दिल्ली। एजेंसी

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय का ''पॉलीग्राफ टेस्ट'' कोलकाता की प्रेजीडेंसी जेल में किया जा रहा है जहां वह बंद है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि कोलकाता में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई के कार्यालय में दो ओर लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शनिवार को अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष समेत चार लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया था।

उन्होंने बताया कि दिल्ली की केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला सीएफएसएल से 'पॉलीग्राफ' विशेषज्ञों का एक दल जांच करने के लिए कोलकाता गया है। 'पॉलीग्राफ टेस्ट' के दौरान व्यक्ति द्वारा प्रश्?नों के उत्तर दिए जाते समय एक मशीन की मदद से उसकी शारीरिक प्रतिक्रियाओं को मापा जाता है और यह पता लगाया जाता है कि वह सच बोल रहा है या झूठ। सीबीआई ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय से कहा था कि स्थानीय पुलिस ने प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले को दबाने का प्रयास किया था और जब तक संघीय एजेंसी ने जांच अपने हाथ में ली, तब तक अपराध स्थल से छेड़छाड़ की जा चुकी थी। कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नौ अगस्त को चिकित्सक का शव मिला था। जिस पर गंभीर चोटों के निशान थे।

कांग्रेस और समाजवादी पर मायावती का तंज

दोनों पार्टियों को दोगली सोच वाला बताया गया

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने प्रयागराज में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन को लेकर कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी (सपा) पर रविवार को तंज कसते हुए उन्हें ''दोगली सोच'' वाले दल बताया और लोगों से उनके ''चाल और चरित्र को लेकर सजग'' रहने को कहा। उन्होंने साथ ही कहा कि उनकी पार्टी सपा एवं कांग्रेस जैसे दलों के साथ अब किसी भी चुनाव में कोई गठबंधन नहीं करेगी। मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्?स' पर लिखा, ''कल (शनिवार) प्रयागराज में संविधान

सम्मान समारोह करने वाली कांग्रेस पार्टी को बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के अनुयायी कभी माफ नहीं करेंगे। कांग्रेस ने संविधान के मुख्य निर्माता बाबा साहेब को उनके जीते-जी एवं उनके देहांत के बाद भी भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित नहीं किया।

एक्शन मोड में योगी सरकार, नर्स रेप कांड में तीन मदरसे सील

मुरादाबाद। मुरादाबाद में नर्स के साथ बलात्कार मामले में योगी सरकार एक्शन मोड में है। मुरादाबाद के जिला अधिकारी अनुज सिंह ने बताया है कि इस मामले के एक आरोपी का पिता सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर मदरसा संचालित कर रहा था। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर तीन मदरसों को सील कर दिया। बता दें कि हाल ही में मुरादाबाद के निजी अस्पताल में एक नर्स के साथ बलात्कार की घटना हुई। इस घटना के बाद पीड़िता के पिता ने पुलिस में शिकायत दी। शिकायत में बताया कि घटना वाले दिन उसकी बेटी की नाइट ड्यूटी थी। अस्पताल में उसे बंधक बनाया गया। इसके बाद डॉक्टर ने बलात्कार की घटना को अंजाम दिया।

तृणमूल का सवाल

जांच में इतनी देरी क्यों ठोस सबूत के सवाल पर सीबीआई अधिकारी बोले-बहुत कुछ है...

कोलकाता/ एजेंसी

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में 31 साल की महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच जारी है। इसके अलावा केंद्रीय एजेंसी हाईकोर्ट के आदेश पर आरजी कर कॉलेज-अस्पताल में वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामले की जांच भी कर रही है। प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी का आरोप है कि सीबीआई की जांच बेहद सुस्त गति से चल रही है और अब तक केंद्रीय एजेंसी कुछ भी उल्लेखनीय पता लगाने में सफल नहीं रही है। तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष ने कहा कि दुष्कर्म और हत्या मामले का समाधान जल्द होना चाहिए। उन्होंने कहा कि घटना के 15 दिन से अधिक बीत चुके हैं। सीबीआई जांच शुरू होने के बावजूद अभी तक केवल एक गिरफ्तारी हुई है। घोष ने कहा कि 31 साल की महिला डॉक्टर के साथ हुई हैवानियत के मामले में गिरफ्तारी की कार्रवाई कोलकाता पुलिस ने की। उन्होंने सवाल किया कि सीबीआई को बताना चाहिए कि वह इस मामले में क्या कर रही है? उन्होंने कहा कि मामले में

लगातार हो रही देरी के साथ-साथ राजनीतिक बयानबाजी हो रही है। घोष ने सियासत पर अंकुश लगाने की अपील की। सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के अधिकारी से रविवार को पूछा गया कि क्या अब तक उन्हें कोई ठोस सबूत मिला है? इस पर एक सीबीआई अधिकारी ने मीडिया से कहा, ...बहुत कुछ है। बता दें कि सीबीआई ने शनिवार को एफआईआर दर्ज करके पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच शुरू की थी। बता दें कि इससे पहले सीबीआई अधिकारियों ने आरजी कर अस्पताल दुष्कर्म-हत्या मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया। बता दें कि 'पॉलीग्राफटेस्ट' के दौरान व्यक्ति की ओर से प्रश्नों के उत्तर दिए जाते समय एक मशीन की मदद से उसकी शारीरिक प्रतिक्रियाओं को मापा जाता है।

राजस्थान हाईकोर्ट के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल हुए मोदी

सबके लिये सरल,सुलभ और सहज न्याय की गारंटी हो,यह बहुत जरूरी है:प्रधानमंत्री मोदी..

जयपुर/ संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश के 'विकसित भारत' के सपने की ओर बढ़ने के साथ ही सबके लिये सरल, सुलभ और सहज न्याय की गारंटी हो, यह बहुत जरूरी है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लैटिनम जुबली समारोह को संबोधित करते हुए कहा, जब हम विकसित भारत के सपना लेकर आगे बढ़ रहे हैं, उसमें हर किसी के लिए सरल, सुलभ और सहज न्याय की गारंटी हो यह बहुत जरूरी है.प्रधानमंत्री ने कहा, आज देश के सपने भी बडे हैं, देशवासियों की आकांक्षाएं भी बडी हैं, इसलिए जरूरी है कि हम नए भारत के हिसाब से नए नवाचार करें और अपनी व्यवस्थाओं को आधुनिक बनाएं. ये सबके लिये न्याय के लिये भी उतना ही जरूरी है. उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि न्याय हमेशा सरल और स्पष्ट होता है, लेकिन कई बार प्रक्रियाएं उसे मुश्किल बना देती हैं. यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम न्याय को ज्यादा से ज्यादा सरल और स्पष्ट बनायें. प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें संतोष है कि देश

ने इस दिशा में कई ऐतिहासिक और निर्णायक कदम उठाये हैं.उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पूरी तरह से अप्रासंगिक हो चुके सैकड़ों अप्रासंगिक (कोलोनियल) कानूनों को रद्द किया है. उन्होंने कहा कि आजादी के इतने दशक बाद गुलामी की मानसिकता से उबरते हुए देश ने भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता को अपनाया है.उन्होंने कहा, दंड की जगह न्याय, यह भारतीय चिंतन का आधार भी है. भारतीय न्याय संहिता इस मानवीय चिंतन को आगे बढ़ाती है. उन्होंने कहा, भारतीय न्याय संहिता हमारे लोकतंत्र को औपनिवेशिक कोलोनियल मानसिकता से आजाद कराती है. उन्होंने कहा न्याय संहिता की यह मूल भावना ज्यादा से ज्यादा प्रभावी बने, यह दायित्व सभी लोगों पर है.प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल, आज के भारत में गरीब के सशक्तीकरण का परखा हुआ फॉर्मूला बन रहा है. पिछले 10 वर्षों में इसे लेकर कई वैश्विक एजेंसी और संस्थाओं ने भारत की भरपूर तारीफ की है. डीबीटी से लेकर यूपीआई तक, कई क्षेत्रों में भारत का काम एक ग्लोबल मॉडल बनकर उभरा है. अपने उसी अनुभव को हमें अपनी न्याय प्रणाली में भी लागू करना है. इस दिशा में, प्रौद्योगिकी और अपनी भाषा में कानूनी दस्तावेजों तक पहुंच।

मनीष ने स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका

केजरीवाल की रिहाई के लिए प्रार्थना की..

अमृतसर। 25 अगस्त आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने पंजाब के अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर में रविवार को मत्था टेका और पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल की जेल से रिहाई के लिए प्रार्थना की। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को हाल ही में आबकारी नीति मामले में उच्चतम न्यायालय से जमानत मिली थी। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी थे। सिसोदिया ने स्वर्ण मंदिर परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्होंने और उनके परिवार के सदस्यों ने स्वर्ण मंदिर



में मत्था टेका। मनीष सिसोदिया ने कहा कि उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री की रिहाई के लिए भी प्रार्थना की। केजरीवाल कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो इसकी जांच कर रहा है।

संक्षिप्त समाचार

एन एल भोई बने जागृति कोलता समाज बसना के अध्यक्ष

बसना (समय दर्शन)। विगत दिनों जागृति कोलता समाज बसना की आम सभा की बैठक सामुदायिक भवन बसना में रखी गई थी। जिसमे सर्वसम्मति से एन एल भोई रिटायर्ड व्याख्याता को जागृति कोलता समाज बसना का अध्यक्ष मनोनित किया गया। चुनाव की नौबत आज तक नहीं आई है। उपाध्यक्ष के रूप में श्री भोई ने सुरेश सामल एवम कोषाध्यक्ष के रूप में प्रवीण भोई का नाम प्रस्तावित किया एवम विजय शंकर विशाल प्रदेश महासचिव ने सचिव के लिए रविन्द्र साहू एवम सह सचिव के लिए अजय साहू का नाम प्रस्तावित किया जिस पर उपस्थित सभी सामाजिक जनों ने समर्थन किया। कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन अलग अलग मुहल्लों में जाकर बैठक लेकर किया जाएगा। उक्त बैठक में बी के प्रधान पूर्व अध्यक्ष ,के सी साहू, श्रीमती मंदाकिनी साहू , बालेश्वर प्रधान , श्रवण विशाल , सतीश चंद्र बेहरा , हरिकृष्ण बेहरा , कैलाश चंद्र साहू , दुर्लभ प्रधान , श्रीमती त्रिवेणी बढ़ाई, गोवर्धन प्रधान , ध्रुव बारीक , संतलाल साहू, सुभाष चंद्र प्रधान , सुशील प्रधान व अनेक जन उपस्थित थे। उक्त जानकारी विजय शंकर विशाल ने प्रेस में दी।

बिटिया सौम्या ने बढ़ाया पाटन का मान, पहली बार में ही नीट पीजी में हुआ चयन

आल इंडिया रेंक में 98.8 पाई परसेंटाइल

पाटन (समय दर्शन)। पाटन के ग्राम रवेली के बेटी सौम्या वर्मा ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। शुरू से ही मेघावी रही सौम्या वर्मा छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ प्रांतीय संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा और श्रीमती रंजना वर्मा की पुत्री है। सौम्या ने पहले ही प्रथम प्रयास में ही नीट पीजी में सफ्लता हासिल की हैं उन्होंने ऑल इंडिया रैंक में 98.8 परसेंटाइल प्राप्त कर यह सफ्लता हासिल की है। बता दे की कमल वर्मा स्वर्गीय श्री केशव राम वर्मा प्रथम राजप्रधान मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के पुत्र है। आपको यह भी बता दे की बेटी ईशा वर्मा जेपी मॉर्गन ग्रुप लंदन में बीई, एम. एस. करने के बाद वरिष्ठ इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। वर्मा परिवार द्वारा लगातार पाटन क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

खेलों में डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

दंतेवाड़ा (समय दर्शन)। डी ए वी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर मीट के कलस्टर 3 के आयोजन का प्रभार इस वर्ष डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल के प्राचार्य के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ इस संदर्भ में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन क्रमशः डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल डी ए वी पब्लिक स्कूल बचेली एवं डी ए वी पब्लिक स्कूल करमरी में दिनांक 17 /8/24 एवम् 22/8/ 24 को प्रतियोगिताएं संपन्न हुई विभिन्न 15 विद्यालयों से आए हुए प्रतिभागियों ने अपने खेल कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा इन प्रतियोगिता का परिणाम निम्नलिखित रहा । बालक वर्ग में अंडर-19 में व्यक्तिगत चैंपियनशिप निहाल रंजन तिवारी व रोहित गुप्ता डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल को मिला बालक वर्ग में अंडर-17 में व्यक्तिगत चैंपियनशिप दिवाकर बैरागी डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल को मिला ,बालक वर्ग अंडर 14 में व्यक्तिगत चैंपियनशिप भविष्य खिलो डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल को मिला ।बालिका वर्ग अंडर 14 में व्यक्तिगत चैंपियनशिप लक्ष्मी हरिजन डी ए वी स्कूल किरंदुल को मिला और साथ ही सारे खेल प्रतिस्पर्धा में ओवरऑल चैंपियनशिप भी डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल को मिला खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जो दिनांक 31 अगस्त से 4 सितंबर 2024 तक रायपुर ,बिलासपुर ,भिलाई एवं कुस्मुंडा में संपन्न होगा उपरोक्त छात्र खेल प्रभारी मनोज सिंह एवं तृप्ति श्रीवास्तव के निर्देशन में भाग लेंगे उपरोक्त सफ्लता पर प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की ।

अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ सभी कर्मचारियों को प्रतिवर्ष 10 दिन विशेष अर्जित अवकाश मिलता है – फेडरेशन

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिला संरक्षक मुकुल साव, जिला अध्यक्ष पीआर झाड़े, पीएल साहू, जितेंद्र बघेल, बृजभान सिन्हा, वीरेंद्र रंगारी, शिरीष कुमार पांडे, हेमंत कुमार पांडे, पुष्पेन्द्र साहू, उत्तम डड़सेना, द्रोण साहू, श्रीमती सीमा तरार, श्रीमती यामिनी साहू, रमेश साहू, संजीव मिश्रा, श्रीमती संगीता ब्यौहरे, श्रीमती अभिषिक्ता फंदियाल, स्वाति वर्मा, सुधांसु सिंह, सोहन निषाद, अब्दुल कलीम खान, सीएल चंद्रवंशी, राजेन्द्र देवांगन एवं सीआर वर्मा ने जानकारी दिया है कि नियमों की जानकारी के अभाव में अर्जित अवकाश स्वीकृति के मामलों में कर्मचारियों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि अर्जित अवकाश ही एक मात्र अवकाश है, जिसका पूर्ण सेवा काल में अधिकतम 240 दिनों का अवकाश नगदीकरण होता है। इसे सेवानिवृत्ति हित लाभ के रूप में देखा जाता है। यह अवकाश विश्रामावकाश विभाग के कर्मचारी (शिक्षक) को 10 दिन प्रतिवर्ष एवं अन्य कर्मचारी-अधिकारियों को 30 दिन प्रतिवर्ष की दर से उनके अवकाश खाता में जमा होता है। यह अवकाश वर्ष में दो बार अर्थात 1 जनवरी और 1 जुलाई को 15-15 दिवस के हिसाब से जमा होता है, इसका अधिकतम सीमा 300 दिन है।

उन्होंने बताया कि अनेक कार्यालयों में अवकाश नियम की सही जानकारी नहीं होने के कारण, सेवानिवृत्ति के करीब पहुंचे कर्मचारियों को अवकाश उपभोग करने पर अवकाश समर्पण के समय नुकसान उठाना पड़ रहा-सकता है, प्रत्येक शासकीय सेवक अपनी सेवाकाल के दौरान अर्जित अवकाश का उपभोग करता है, लेकिन सेवानिवृत्ति पर अधिकतम 240 दिनों का बचत कर नगदीकरण का लाभ ले सकता है, यदि शासकीय सेवा के दौरान अर्जित अवकाश का उपभोग नहीं करता है, तो अवकाश खाते में अर्जित अवकाश का संचय सीमा अधिकतम 300 दिन के पार हो जाता है। इस स्थिति में अर्जित अवकाश लेने पर गणना में हुई त्रुटि के कारण उसे नुकसान होता है।

उन्होंने बताया कि किसी कर्मचारी के खाते में अधिकतम अर्जित अवकाश 300 दिनों का अर्जित अवकाश है, वह इसका उपभोग करता है तो बकाया ईएल के गणना करते वक्त प्रथम छमाही अथार्त जनवरी से जून तथा जुलाई से दिसंबर की स्थिति में 15 दिवस जोड़कर विकलन करना चाहिए, उन्होंने 300 दिन बकाया ईएल के स्थिति में उदाहरण दिया कि यदि कर्मचारी 10 दिन का अवकाश लेता है तो बकाया गणना के वक्त 300 में 15 जोड़कर 10 घटाने पर 305 आयेगा, लेकिन बकाया 300 दिन रहेगा, यदि 15 दिवस का अवकाश लेता है तो गणना के वक्त 300+15+315-15=300 बकाया रहेगा, लेकिन यदि 20 दिवस का अवकाश लेता है तो गणना (300+15)-20+=295 ईएल शेष होगा, लेकिन कार्यालयों में सीधे 300 में से लिए गए अर्जित अवकाश को सीधे घटाया जा रहा है। जो कि नियमानुसार गलत है।

उन्होंने बताया कि अनुसूचित क्षेत्रों (ट्राइबल) में पदस्थ सभी विभागों के कर्मचारियों को 11 जनवरी 1984 से प्रतिवर्ष 10 दिनों का विशेष अर्जित अवकाश देय है। इसका एंट्री सेवा पुस्तिका में पृथक से करना है। इसका वास्तविक लाभ कर्मचारी को तब ही मिलेगा, जब विशेष अर्जित अवकाश का अलग एकाउंट हो। विशेष अर्जित अवकाश एक वर्ष मे 10 दिन मिलता है। इसका संचय एवं उपभोग अर्जित अवकाश की भांति होता है, लेकिन इसका नगदीकरण नहीं होता है। अवकाश पोर्टल में विशेष अर्जित अवकाश लेखा का उल्लेख होना था। उल्लेख नहीं होने के कारण अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ अनेक कर्मचारियों के अर्जित अवकाश लेखा में 300 दिवस से अधिक अर्जित अवकाश की प्रविष्टि सीजीस्कूल पोर्टल में परिलक्षित हो रहा है।

वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए अंतर्राज्यीय वेक्टर नियंत्रण कार्यशाला में बनी रणनीति

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

राजनांदगांव। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम की दिशा में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में अपनाए जा रहे नवाचार को एक से दूसरे प्रदेश में बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में अंतर्राज्यीय वेक्टर नियंत्रण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सांसद संतोष पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन स्वास्थ्य हम सबकी पहली प्राथमिकता है। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत देशभर में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं बचाव के सम्बन्ध में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि वेक्टर नियंत्रण रोगों के साथ-साथ अन्य रोग की भी जांच करानी चाहिए। उन्होंने इस दिशा में पुलिस विभाग द्वारा भी यथासंभव सहायता का आश्वासन दिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि पिछले कई वर्षों से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र राज्य के संयुक्त प्रयासों से मलेरिया एवं अन्य वेक्टरजनित रोग नियंत्रण की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। मच्छरों के नियंत्रण की दिशा में एक्टिव सर्विलांस, स्प्रे व एलएल आईएन वितरण माध्यम हैं, जिनसे मलेरिया वाहक मच्छरों को एक स्थान से दूसरे स्थान जाने से रोका जा सकता है।

कार्यशाला में वीबीडी सलाहकार संगीता पांडेय ने अपने जिले का प्रस्तुतीकरण दिया। इसी क्रम में वेक्टर जनित रोगों पर नियंत्रण हेतु सकारात्मक पहल के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों का आदान-प्रदान किया गया, जिससे नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। इस बीच जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.भूमिका वर्मा ने सभी जिलों को मिलकर कार्ययोजना बनाने के सम्बन्ध में सुझाव दिए तथा वेक्टर जनित रोगों से बचाव के विषय में जानकारी दी। कार्यशाला में वक्ताओं ने मलेरिया उन्मूलन के लिए जिले में नई रणनीति बनाकर पड़ोसी राज्यों के भी संवेदनशील क्षेत्रों के स्वास्थ्य विभाग की सहभागिता से विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर डॉ. मिथिलेश चौधरी तथा महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सीमा से लगे जिले दुर्ग, बालोद, कबीरधाम व कांकेर के सीएमएचओ एवं डीएमओ के साथ छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे सीमावर्ती जिले गोंदिया, गढ़चिरौली व बालाघाट के मलेरिया कार्यक्रम में कार्यरत प्रतिनिधि भी प्रमुखता से शामिल हुए। कार्यशाला का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति राजनांदगांव, जिला स्वास्थ्य समिति खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और जिला स्वास्थ्य समिति मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संबंधित सभी जिले के सीएमएचओ प्रमुखता से शामिल हुए।

सावित्रीपुर मे आयुष विभाग द्वारा आयुष पखवाडा का आयोजन

बसना (समय दर्शन)। आयुष विभाग द्वारा आयुष पखवाड़ा में विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला शिविर का आयोजन संचलनालाय आयुष रायपुर छ. ग. के निर्देशानुसार व जिला आयुष अधिकारी महासमुंद डॉ. प्रवीण चंद्राकर जी के मार्गदर्शन एवं उनके विशेष उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ।

शिविर प्रभारी डॉ. खगेश साहू आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी रायतुम एवं अन्य चिकित्सक डॉ. देवेन्द्र सिंह कुंजाम आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शासकीय आयुर्वेद औषधालय तमोरा, डॉ. टंकेश्वरी मिश्रा होम्यौपैथिक चिकित्सा अधिकारी आयुष पॉलीक्लिनिक महासमुंद व डॉ. पुष्पा साहू यूनानी चिकित्सा अधिकारी आयुष पॉलीक्लिनिक महासमुंद एवं डॉ. देवलता निषाद आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शासकीय आयुर्वेद औषधालय पटेवा एवं शास. आयु.औषधालय परसवानी के फार्मासिस्ट प्रीतम सिंह दीवान शास. आयु. औषधालय डूमारपाली के फार्मासिस्ट राधेश्याम ठाकुर और शास. आयु. औषधालय बम्हनी के फार्मासिस्ट दिनेश कुमार नायक व शास. आयु. औषधालय अन्सुला के फार्मासिस्ट कमलेश्वर प्रसाद साव के सहयोग से शिविर का सफ्ल आयोजन ग्राम पंचायत सावित्रीपुर में किया गया ।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि रामचंद्र अग्रवाल, महंत लखन मुनि कबीर कुटी तरेकेला के द्वारा हुआ इस शिविर किया गया इस शिविर में कुल 538 लाभार्थी का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया शिविर में सावित्रीपुर के प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जनसमान्य लोगो मे आयुर्वेद के प्रति जागरूकता प्रकाशित किया गया तथा दिनचर्या के महत्व को बताते हुए ऋतुजन्य व्याधि के रोकथाम व बचाओ के लिए आयुर्वेद को पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा द्वारा 388 होम्योपैथिक चिकित्सा द्वारा 100 एवं यूनानी चिकित्सा द्वारा 80 लोगों को निशुल्क चिकित्सा व औषधि का वितरण एवं काढ़ा वितरण कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। समस्त ग्रामवासी सावित्रीपुर व स्कूल के सभी शिक्षक व छात्र छात्राएं ने इस शिविर को सफ्ल बनाने मे बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान दिया।

लक्ष्य ने दिल्ली में नाम रौशन किया, निषाद समाज ने किया सम्मान

पाटन (समय दर्शन)। तहसील निषाद समाज पाटन के पदाधिकारियों ने लक्ष्य कुमार निषाद के घर जाकर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पंचायत पाटन में निवास रत ग्राम सिपकोना के गंगा राम निषाद जिनके सुपुत्र लक्ष्य कुमार निषाद पुरे दुर्ग जिला में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू द्वारा दिल्ली में सम्मानित किया गया। जिस पर तह, व जिला निषाद समाज ने खुशी जाहिर करते हुए निषाद समाज का गौरव पी एम श्री शासकीय प्राथमिक शाला अखरा में अध्यनरत है। तहसील निषाद समाज पाटन अध्यक्ष देवकुमार निषाद, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष देवानंद निषाद , उपाध्यक्ष युवराज निषाद, जिला संगठन से देवनाथ निषाद , संरक्षक भूनेसर निषाद, शिक्षक सतीश निषाद, गंगा राम निषाद, दीनबंधु निषाद ने स्वागत कर बधाई दी।

बलौदाबाजार प्रकरण में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी पर दंतेवाड़ा में प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर गरजे कांग्रेसी नेता

पत्रकारों की गिरफ्तारी का भी धरना प्रदर्शन में सरकार को आड़े हाथों लिया

भाजपा सरकार अपनी नाकामी छुपाने बौखलाहट में कांग्रेस नेताओं पर बेवजह में कर रही है कार्यवाही-रेखचन्द जैन

दंतेवाड़ा (समय दर्शन)। बलौदाबाजार में हुए घटना में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को गिरफ़्तार कर जेल में डाल दिया गया है,इसके विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे प्रदेश में ज़िला स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में ज़िला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा द्वारा एक दिवसीय ज़िला स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें ज़िला कांग्रेस दंतेवाड़ा के प्रभारी पूर्व विधायक जगदलपुर रेखचन्द जैन ने अपने सम्बोधन में प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों में लेकर कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार जन हित कार्य करने में पूरी तरह से विफ्ल रही है। पिछले 8 माह में पूरे प्रदेश भर में हाहाकार मचा हुआ है। बलौदाबाज़ार ज़िले के सबसे बड़े अधिकारी कलेक्टोरेट एवं एसपी कार्यालय में आगज़नी की घटना की जाँच करने के बजाय पूरी घटना का ठीकरा कांग्रेस के विधायक और कार्यकर्ताओं पर फोड़ रही है । अपनी नाकामी छुपाने के साजिश के तहत पूर्वाग्रह में कांग्रेस नेताओं एवं सतनामी समाज पर कार्यवाही कर रही है। रेत माफ़िया पर खबर बनाने पहुंचे दंतेवाड़ा व सुकमा के चार पत्रकारों की गाड़ी में गांजा रखकर जेल भेज देती है। कांग्रेस पार्टी इस कृत्य की पुरजोर विरोध करती है।जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है,तब से पूरे प्रदेश में आपराधिक गतिविधियां चरम पर है, पूरे प्रदेश में असुरक्षा का वातावरण बना हुआ है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छविंद्र कर्मा ने कहा कि भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को षड्यंत के तहत फ़साया जा रहा है जब बलौदाबाज़ार में इतना बड़ा धरना प्रदर्शन का आयोजन सतनामी समाज के द्वारा किया जा रहा था तो वहाँ की पुलिस, ज़िला प्रशासन, खुफ़िया तंत्र को पता कैसे नहीं चला कि इतनी बड़ी घटना हो गई।

ज़िला पंचायत अध्यक्ष तुलिका ने कहा प्रदेश की भाजपा की सरकार के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए वे कभी ईडी तो कभी झूठे मामलों में कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को परेशान करती है लेकिन इससे कांग्रेस के कार्यकर्ता कमज़ोर नहीं होंगे बल्कि वे डटकर इसका मुक़ाबला करेंगे इसके बाद तूलिका ने पत्रकारों की गिरफ़्तारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि हमारे बस्तर के पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर जन समस्याओं को सामने लाते है उनके साथ इस तरह का घिनौना हरकत करना उन्हें शोभा नहीं देता। पूर्व जिलाध्यक्ष विमल सुराना ने कहा कि सरकार कितना भी तानाशाही रवैया अपना ले,कांग्रेस डरने वाली नही है। कांग्रेस हरएक कार्यकर्ता मजबूती के साथ विधायक देवेंद्र यादव के साथ खड़ा हुआ है। धरना प्रदर्शन में शहर महिला अध्यक्ष इंद्रा शर्मा, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष कोपा कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य शंकर कुंजाम, सरपंच अनिल कर्मा, राकेश मंडावी ने भी अपना उदबोधन दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक देवती कर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, महामंत्री सलीम रज़ा उस्मानी, मनीष भट्टाचार्य, नगरपालिका अध्यक्ष पूजा साव, नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी सुराना, ब्लॉक अध्यक्ष राजू रेड्डी, आसिफ रज़ा,अजय मरकाम, अनिल सोनी, नरेन्द्र सोनी,अविनाश सरकार,आकाश विश्वास, प्रवीण राणा,दीपक गोस्वामी, सत्य भान जादौन, लखमू राम नेताम,अजय तेलाम, संदीप राठौर, सलमान नवाब,राकेश कर्मा ,ब्रम्हा सोनानी, रघु कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

सार समाचार

देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर(समय दर्शन)। पुरानी बस्ती पुलिस ने बंधवापारा तालाब के पार में अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बंधवापारा तालाब के पार में दबिश देकर आरोपी अमर सिंह 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

एक महिला पर ब्लेड से हमला

रायपुर(समय दर्शन)। गुरूमुख सिंह नगर न्यू राजेन्द्र में एक युवक ने अपनी पत्नी पर ब्लेड से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया कौशल्या सोनी 21 वर्ष गुरूमुख सिंह नगर न्यू राजेन्द्र की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पति आरोपी आर्यन सोनी ने प्रार्थिया से विवाद कर ब्लेड से मारकर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

रायपुर नगर निगम में जल्द होगी सामान्य सभा की बैठक

रायपुर(समय दर्शन)। नगर निगम के भाजपा दल के पार्षद आज सभापति प्रमोद दुबे से मुलाकात करने पहुंचे जहां नेताप्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में पत्र सौंपकर सामान्य सभा करने की मांग की गई. नेताप्रतिपक्ष मीनल चौबे, उपनेताप्रतिपक्ष मनोज वर्मा, प्रमोद साहू समेत भाजपा दल के पार्षदों ने पिछले चार महीनों से आमसभा नहीं होने पर सवाल उठाया है. नेताप्रतिपक्ष मीनल चौबे का कहना था कि लगातार महापौर की अध्यक्षता में स्ढ्ढष्ट की बैठक हो रही है, जिसमें आम जनता के मुद्दों पर चर्चा नहीं की जाती. वहीं हर दो महीने में आमसभा का आयोजन करना था, जो सभापति द्वारा नहीं कराया जा रहा है. जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता की समस्याओं को उठाने का एक ही तरीका होता है, इसीलिए आज पत्र सौंप कर सामान्य सभा करने की मांग की गई है . वहीं उपनेताप्रतिपक्ष मनोज वर्मा स्ढ्ढष्ट की बैठकों में चर्चा किए जाने वाले विषयों पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछली बजट में पानी की समस्या, जलभराव का मुद्दा उठाया गया था. जिसके बाद भी गर्मी में लोगों को पानी की कमी और बरसात में जलभराव का हर साल की तरह सामना करना पड़ा.

सरकार को चुनौती देता हूं हिम्मत है तो कांग्रेस और भाजपा नेताओं का नार्को टेस्ट कराये - दीपक बैज

देवेन्द्र यादव, कांग्रेस नेताओं और निर्दोशों की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन

बलौदा बाजार की घटना के पीछे भाजपा के ही लोगों का हाथ है

रायपुर(समय दर्शन)। बलौदाबाजार मामले में कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव सहित कांग्रेस के नेताओं और सतनामी समाज के लोगो की गलत ढंग से की गयी गिरफ्तारियों के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश व्यापी आंदोलन विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश के सभी जिलों में धरना आयोजित किया गया। राजधानी रायपुर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सक्ति में, दुर्ग में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धरना प्रदर्शन का नेतृत्व किया। प्रदेश के अन्य नेतागण अपने-अपने जिलों में धरने में शामिल हुये राजधानी रायपुर में धरने को संबोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि निर्दोष लोगों पर गिरफ्तारी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सरकार बदले की भावना से गलत कार्यवाही कर निर्दोषो की गिरफ्तारी की गयी है। हमारे नेताओं पर झूठे अपराध पंजीबद्ध किया है। मैं मुख्यमंत्री को चुनौती देता हूं हमारे नेताओं का नार्को टेस्ट करा ले। देवेन्द्र यादव, शैलेन्द्र बंजारे और चाहे तो हमारी भी नार्को टेस्ट करा लें। भाजपा मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, सनम जांगड़े सहित भाजपा नेताओं का भी नार्को टेस्ट करा ले। सरकार में साहस है तो हमारे नार्को टेस्ट की चुनौती को स्वीकार करें। लोकतंत्र जिंदा है, संविधान जिंदा है लेकिन लोकतंत्र और संविधान को कुचलने वालों को कांग्रेस पार्टी बर्दाशत नही करेगी। क्या आप कांग्रेस जिलाध्यक्ष को जेल भेजकर संतुष्ट है। कार्यवाही करते है कांग्रेस के ऊपर एक हमारे यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष, कांग्रेस विधायक पर कार्यवाही कर रहे है। भाजपा सरकार ने सतनामी समाज के लोगो को बदनाम करने के लिये, सतनामी समाज के निर्दोष लोगो को जेल भेजने का काम किया। भाजपा सरकार ने सतनामी समाज में गलत वातावरण पैदा किया है। भाजपा की सरकार ने गलत तरीके से कार्यवाही किया है लेकिन निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी बर्दाशत नही किया जायेगा। प्रदेश के कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता सच्चाई के लिये जेल जाने को भी तैयार हैं, जेल की जगह कम पड़ जायेगी, धाराये कम पड़ जायेगी। हमारे कार्यकर्ता को जेल भेज दिये तो हमारा कार्यकर्ता डर जायेंगे हमारा कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है। 15 साल भाजपा की सरकार थी आपके खिलाफहम लड़े कांग्रेस के नेता सीने में गाली खायी है। याद है हमें स्व. विद्याचरण शुक्ल जी, स्व. महेन्द्र कर्मा जी, स्व. नंदकुमार पटेल जी, स्व. उदय मुदलियार जी, ऐसे तमाम कार्यकर्ता इस सरकार के खिलाफसीने में गोली खायी है। आप सिर्फ डरा सकते हो और कुछ नहीं कर सकते। जहां न्याय होना चाहिये वहां न्याय की जगह आप सिर्फ निर्दोष लोगों पर कार्यवाही करते है। मैं पूछना चाहता हूं इस सरकार से कौन सा न्याय कर रहे हो प्रदेश की जनता देखना चाहती है। इस घटना का पर्दाफाश होना चाहिये।

सतनामी समाज के न्याय की लड़ाई में बाधा बन रही कांग्रेस : गुरु खुशवंत

कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजपा का बड़ा हमला

आरोपी के लिए कांग्रेस का प्रदर्शन शर्मनाक कृत्य: गुरु खुशवंत

रायपुर(समय दर्शन)। भारतीय जनता पार्टी के विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन को अराजकता फैलाने के लिए किया जा रहा प्रलाप बताया है। गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि दरअसल बलौदाबाजार के हिंसक घटनाक्रम में निरे एक प्यादे प्रतीत हो रह देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस के पूरे ईको सिस्टम की बौखलाहट यही है कि उसका सारा षड्यंत्र पर्दाफाश हो जाएगा और इसलिए इस तरह की फ्लॉप सियासी नौटंकियों के जरिए कांग्रेसी प्रदेश की जनता का ध्यान भटकाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस सतनामी समाज के न्याय की लड़ाई के बाधा बन रही है,यह शर्मनाक कृत्य है। भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि एक ऐसा व्यक्ति, जिसने सफेद झंडे का अपमान किया, जो सतनामी समाज की भावनाओं को आहत करने वालों को प्रेरित करने का आरोपी है, ऐसे आरोपी का साथ देकर कांग्रेस सतनामी समाज के न्याय की लड़ाई में बाधा बन रही है। समाज की भावनाओं को आहत कर रही है और हमेशा से कांग्रेस ने कभी यह नहीं चाहा कि सतनामी समाज को कभी न्याय मिले। ऐसे संवेदनशील विषयों पर आरोपियों का साथ देना कहीं-न-कहीं ऐसे गंभीर मामलों में संलिप्तता दिखता है , कांग्रेस जो कर रही है। उसे लगता है कि देवेंद्र यादव को समर्थन देना उसकी मजबूरी है। शायद सभी लोग इस घिनौने काम में लिप्त हैं। गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि अगर कांग्रेस संविधान को हाथ में लेकर घूमती है और संविधान को मानती है तो न्यायिक प्रक्रिया का सामना करने से क्यों डरती है? अगर देवेंद्र यादव निर्दोष हैं तो क्यों इतने प्रदर्शन करने की जरूरत पड़ रही है? कांग्रेस की हर एक हरकतें बताती है कि कुछ-न-कुछ गलत हुआ है।

एजुकेशन हब नरदहा में शराब कोचियों का बोलबाला ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, सौंपा ज्ञापन

रायपुर(समय दर्शन)। एजुकेशन हब के नाम से विख्यात विधानसभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नरदहा में शराब कोचियों का बोलबाला है ।ग्रामीणों व पंचायत के लगातार मनाही के बाद भी बाज न आने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ ग्राम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव के बाद ग्रामवासियों ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है । मोर्चा के प्रथम चरण में ग्रामसभा का प्रस्ताव ले पंचायत प्रतिनिधियों , शाला विकास समिति , महिला संगठनों सहित प्रबुद्ध ग्रामीणों ने पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा , पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह , थाना प्रभारी मुकेश वर्मा को ज्ञापन सौंप अवैध शराब बिक्री पर स्थायी रोक लगाने व लिप्त तत्वों के खिलाफ ठोस व प्रभावी कार्यवाही की मांग की है ।ज्ञापन की प्रति क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह व शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा को भी सौंप सहयोग का आग्रह किया गया है । विधानसभा से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर रायपुर - बलौदाबाजार मार्ग पर स्थित है तकरीबन 8000 की आबादी वाला ग्राम नरदहा जो एजुकेशन हब के नाम से विख्यात है । शहरी परिवेश से जुड़ जाने के चलते यहां की ग्रामीण व्यवस्था चरमरा गया है और इसी के चलते ग्रामीणों व पंचायत के मनाही के बाद भी असमाजिक तत्व यहां हावी हो चले हैं जिसका खामियाजा ग्राम के सभ्य नागरिकों , महिलाओं व नौनिहालों को अशांति के रूप में भुगतना पड़ रहा है ।

शेयर निवेश में लाखों का मुनाफा कमाने का झांसा देकर महिला से 88 लाख की ठगी

रायपुर(समय दर्शन)। रायपुर रेंज सायबर थाने में लाखों रूपयों की ठगी करने का मामला दर्ज हुआ है। यह मामला उत्तर प्रदेश से टूर पर आकर यहां के होटल क्लार्क इन में ठहरी आईटी इंजीनियर रश्मि शर्मा ने दर्ज कराया है। महिला से साइबर ठगों ने शेयर में निवेश कर लाखों रूपये का मुनाफा कमाने के नाम पर 88 लाख रुपये ठग लिये। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश से टूर पर आकर यहां के होटल क्लार्क इन में ठहरी आईटी इंजीनियर रश्मि शर्मा (42 वर्ष) ने अपनी शिकायत में बताया कि वह नोएडा में टेक महिंद्रा कंपनी में आइटी इंजीनियर हैं। वे रायपुर में कंपनी के काम से आई हुई थी। इस बीच गूगल में सर्च करने के दौरान उन्हें एवेडेंस स्पार्क ट्रेडिंग प्रोग्राम का विज्ञापन दिखा। इसके बाद रश्मि ने उसमें दिए गए संपर्क नंबर पर फोन किया। दूसरी ओर से अंजली शर्मा नाम की युवती ने फोन उठाया। इसके बाद उन्हें वाट्सएप ग्रुप इंडिया स्टॉक इंवेस्टमेंट एकेडमी-002 में जोड़ दिया गया। ग्रुप में मेंटर नरेश राठी ने उन्हें शेयर ट्रेडिंग करने पर भारी मुनाफा कमाने का झांसा दिया। वह उसकी बातों में आ गई। इसके बाद नरेश ने आईपीओ एलोकेशन के नाम पर उनसे अलग-अलग बैंक खातों में रकम जमा कराना शुरू किया। महिला ने आठ जुलाई से लेकर सात अगस्त तक अलग-अलग बैंक खातों में कुल 88 लाख रुपये जमा किया। इतनी राशि जमा करने के बाद शेयर में उन्हें लाभ नहीं मिला और न ही आरोपितों ने पैसे लौटाए। बाद में उन्हें सोशल मीडिया ग्रुप से अलग कर दिया। जिसके बाद महिला को ठगे जाने पता चला तो महिला ने इसकी शिकायत रायपुर रेंज साइबर थाना में की। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

आईपीएस जीपी सिंह की बहाली का रास्ता साफ

रायपुर(समय दर्शन)। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब छत्तीसगढ़ कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह की बहाली का रास्ता साफ़ हो गया है। जीपी सिंह के मामले में कैट के फैसले के खिलाफ भारत सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिका दायर की थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद 23 अगस्त को केंद्र सरकार की याचिका को ख़ारिज कर दिया। कैट ने 30 अप्रैल 24 को जीपी सिंह को बहाल करने का आदेश दिया था। छत्तीसगढ़ कैडर के 1994 बैच के आईपीएस अफ्सर जीपी सिंह को वर्ष 2023 में तत्कालीन भूपेश बघेल की सरकार ने राजद्रोह और आय से अधिक संपत्ति के मामले में बर्खास्त कर दिया था। अपनी बर्खस्तगी के खिलाफ जीपी सिंह कैट गए। कैट ने जीपी सिंह को राजद्रोह और आय से अधिक संपत्ति के मामले में जबरिया सेवानिवृति को गलत ठहराते हुए सेवा में वापस लेने का फैसला दिया। कैट के फैसले के खिलाफ भारत सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाईं। दिल्ली हाईकोर्ट के दो जजों के बैंच ने अपने 19 पेज के फैसले में भारत सरकार की याचिका को ख़ारिज करते हुए कैट के 30 अप्रैल 24 के फैसले को सही ठहराया। कैट के बाद अब दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के बाद जीपी सिंह की बहाली का रास्ता साफ हो गया है। जीपी सिंह 1994 के छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस अफ्सरों में वरिष्ठता क्रम में सबसे ऊपर हैं।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने नई दिल्ली में केंद्रीय दूरसंचार एवं संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की।

रायपुर का कारोबारी कवर्धा में हुआ उठाईगिरी का शिकार

रायपुर(समय दर्शन)। राजधानी रायपुर का एक व्यापारी शनिवार को कवर्धा में उठाईगिरी का शिकार हो गया है। व्यापारी शनिवार दोपहर बस स्टेंण्ड के पास एक होटल में खाना खाने रूका था इसी दौरान किसी ने उनकी कार से दो लाख 20 हजार रूपये पार कर दिये। मामले में सिटी कोतवाली पुलिस जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर में इलेक्ट्रानिक की दुकान चलाने वाले व्यापारी दिनेश जैन कवर्धा में कई व्यापारियों को इलेक्ट्रानिक सामानों की सप्लाई करते है। इसी सिलसिले में वे शनिवार को कवर्धा गये हुए थे। वे गंडई,परपोड़ी व लोहारा से वसूली करते हुए कवर्धा पहुंचे थे। और वसूली कर दोपहर करीब ढाई बजे वे बस स्टेंड कवर्धा पहुंचे थे जहां वे अपने वसूली के पैसे को गाड़ी में छोड़कर एक होटल मे खाना खाने गये थे। इस दौरान उनके वाहन चालक ने गाड़ी को एक प्राईवेट अस्पताल के सामने पार्क किया था। दिनेश जैन जब खाना खाकर वापस लौटे तो देखा कि उनकी गाड़ी मे रखे दो लाख 20 रूपयों से भरा बैग गायब था और कार में लॉक खोलने वाला औजार रखा था। जिसके बाद दिनेश ने इसकी जानकारी सिटी कोतवाली थाने में दी। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही को खंगाला जिसमें पता चला कि एक युवक अपने चेहरे पर कपड़ा बांधकर कार से चोरी कर रहा है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

नेशनल कांफ्रेंस से गठबंधन करने वाली कांग्रेस बताए की क्या वो जम्मू कश्मीर में दो झंडे चाहती है : अरुण साव

रायपुर(समय दर्शन)। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक देश में दो प्रधान दो निशान दो विधान नहीं चलेगा के मुद्दे पर त्याग, तपस्या और बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए धारा 370 व 35-ए को समाप्त कर एक भारत श्रेष्ठ भारत और अखंड भारत के निर्माण का एक बहुत बड़ा और ऐतिहासिक काम किया। धारा 370 के बाद जिस प्रकार से जम्मू कश्मीर में वातावरण बदला है, जम्मू कश्मीर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा है, वहां के लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है, खुशहाली आई है, समृद्धि, आई है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि आज जम्मू कश्मीर की जनता श्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के काम और निर्णय से बहुत प्रसन्न है पर आज जिस प्रकार से चुनाव की दृष्टि से नेशनल कांफ्रेंस से कांग्रेस पार्टी ने जो गठबंधन किया है तो अब कांग्रेस पार्टी को जवाब देना पड़ेगा कि नेशनल कांफ्रेंस से गठबंधन के बाद क्या कांग्रेस नेशनल कांफ्रेंस के अलग झंडा की मांग का भी समर्थन करती है? कांग्रेस और राहुल गांधी को यह भी बताना पड़ेगा कि नेशनल कांफ्रेंस का 370 और 35 ए को फिर से वापस लाकर जम्मू कश्मीर में फिर अशांति और आतंक के युग में धकेलने के एजेंडा का क्या कांग्रेस इसका भी समर्थन करती है? कांग्रेस पार्टी को यह भी बताना पड़ेगा कि नेशनल कांफ्रेंस के इस वादे का भी क्या कांग्रेस समर्थन करती है कि कश्मीर के युवाओं के बजाय पाकिस्तान से वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा दे? क्या कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी एलओसी को शुरू करके फिर से बॉर्डर पर आतंकवाद और उनके इकोसिस्टम के समर्थ पोषण का समर्थन करती है? कांग्रेस पार्टी को यह भी बताना पड़ेगा कि आतंकवाद और पत्थर बाजी की घटनाओं में शामिल लोगों को परिजनों को फिर से नौकरी में बहाल कर आतंकवाद और दहशतगर्दी को फिर से कश्मीर में लाना चाहते हैं? उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि इस गठबंधन से कांग्रेस पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से सामने आया है। धारा 370 व 35 ए समाप्त होने के बाद दलित, गुर्जर, बकरवाल और पहाड़ियों को जो आरक्षण मिल रहा है, वह भी समाप्त करने की इनकी मानसिकता है। कांग्रेस को इस पर भी अपना रुख स्पष्ट करना पड़ेगा। जम्मू कश्मीर की अर्थव्यवस्था को क्या फिर से पाकिस्तान समर्पित परिवारों के हाथों में सौंप कर जम्मू कश्मीर के आम लोगों के हकों पर डाका डालने का समर्थन करते हैं। कांग्रेस पार्टी को यह भी बताना पड़ेगा कि नेशनल कांफ्रेंस के कश्मीर को ऑटोनॉमी देने के फायदे का भी समर्थन करते हैं जो विभाजनकारी मानसिकता का परिचायक है। कांग्रेस पार्टी जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन करके फिर से जम्मू कश्मीर को उसी आतंकवाद, पत्थरबाजी, दहशतगर्दी के दौर में लाकर जम्मू कश्मीर को फिर बर्बाद करने की जो मानसिकता है उसके साथ जुड़कर काम कर रही है।

संघर्ष एक जंग में एंग्री स्टार हर्ष चंद्रा ओडिसा की नामचीन अभिनेत्री नेहा के संग रोमांस का तड़का लगाएंगे ..

रायपुर (समय दर्शन)। आगामी 30 अगस्त को प्रदर्शित हो रही संघर्ष एक जंग में खासकर हीरो हर्ष चंद्रा की भूमिका एक्शन छवि को लोगो ने भरपूर सराहा है एक्शन के साथ साथ रोमांस में भी कुछ अलग छाप छोड़ते नजर आएंगे फिल्म गुड हेंडसम ड्रेसिंग लुक में अलग ही नजर आ रहे है निर्माता सम्राट तिवारी (बिलासपुर) की बहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ी फिल्म संघर्ष एक जंग का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है फिल्म कहानी ,पटकथा, लेखक निर्देशक रतन कुमार ने बताया कि इस फिल्म से इंडस्ट्रीज को एक नया एक्शन एंग्री हीरो हर्ष चंद्रा के रूप में मिलेगा, अपने एक्शन फिल्म के चलते कमाल की अदाकारी से दर्शकों को मन्त्रमुग्ध करेगा। निर्देशक ने आगे बताया कि फिल्म रोमांस एक्शन फैमिली ड्रामा के साथ हीरो हर्ष के अपोजिट हिरोइन नेहा पाणिग्रह रोमांस करते नजर आएंगी विलेन की भूमिका में चर्चित अजय पटेल होंगे, फिल्म मे 4 गाने हैं जिसको संगीत से पिरोया है रोशन वैष्णव ने ,फिल्म में अपने अभिनय का जलवा बिखरेंगे बिक्रम राज, उपासना ,अंशुल अवस्थी, दिव्या नागदेव, प्रदीप शर्मा, प्रारंभिक खान, आनंद संघ, केके सिन्हा, दिनेश शर्मा, हीना, देविक, इशिका, अरुण भांगे, विक्की, राजू, विजय बागे, सह निर्माता बाबा देवांगन कहानी: रतन कुमार और धीरज बाडी संवाद: संदीप स्वरांश और जैसवाल का है ,फिल्म केमेरा में कमाल दिखाया है दिलीप बारिक ने गीतकार: धीरज बाड़ी, अजय बारिक और सूरज मधुकर, आकाश विशाल है गानों को कर्णप्रिय बनाया है धीरज बाड़ी अवम श्रद्धा मंडल ने फिल्म में एक्शन दिया है शैलेन्द्र परिदा ने, फिल्म के सह निर्माता बाबा देवांगन ने बताया कि फिल्म का प्रचार प्रसार तेजी से चल रहा है ..

संपादकीय

कानूनी सिद्धांत सभी अपराधों पर लागू

सुप्रीम कोर्ट ने कड़े आतंकवाद विरोधी कानून के तहत आरोपी को जमानत देते हुए कड़ी टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि जमानत नियम है-जेल अपवाद है, और यह कानूनी सिद्धांत सभी अपराधों पर लागू होता है। गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) जैसे विशेष कानूनों के तहत दर्ज अपराधों में भी यह लागू होता है। पीठ ने कहा कि यदि अदालतें उचित मामले में जमानत देने से इंकार करना शुरू कर देंगी तो यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। बेशक, अभियोजन के आरोप बहुत गंभीर हो सकते हैं, लेकिन कानून के अनुसार जमानत के मामले पर विचार करना अदालत का कर्त्तव्य है। जलालुद्दीन खान पर प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के कथित सदस्यों को अपने घर की ऊपरी मंजिल किराए पर देने पर यूएपीए लगाया गया था। साथ ही, अब खत्म हो चुकी आईपीसी की अन्य अनेक धाराओं के तहत भी अनेक मामले उनके खिलाफ दर्ज हैं। आरोप हैं कि किराये पर लिए गए इस परिसर का इस्तेमाल हिंसक कृत्यों को अंजाम देने के प्रशिक्षण और अपराध की साजिश रचने के मकसद से बैठकें करने के लिए किया गया। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की जांच से पता चला कि यह आपराधिक साजिश आतंक फैलाकर देश की एकता एवं अखंडता को खतरे में डालने के लिए रची गई। 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित यात्रा के दौरान बिहार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर खान के घर पर छापेमारी की थी। हकीकत में जेलों में विचाराधीन कैदियों की संख्या 2022 के एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) के अनुसार साढ़े चार लाख के करीब है, जिन्हें जमानत नहीं मिलती। अपने यहां मुकदमे लंबे समय तक चलते रहते हैं। जजों की संख्या कम है और मामले बहुत ज्यादा। दूसरे जब तक अपराध सिद्ध नहीं होता आरोपी को जमानत देना गलत नहीं है बशर्ते वह खतरनाक किस्म का अपराधी या बेहद शक्तिशाली न हो। जेलों में आरोपियों को जबरन बंद रखना और दोषमुक्त साबित होने पर बिना शर्त रिहा कर देने से उनको पूरा न्याय नहीं मिलता। जेल वास्तव में अपवादस्वरूप ही इस्तेमाल होनी चाहिए। इस तरीके से सिर्फ जेलबंदियों को ही नहीं सहना पड़ता, बल्कि आरोपी का पूरा परिवार को ही भुगतना पड़ता है। मामले में भी खान के किरायेदार ही आरोपी हैं। यदि खान उस साजिश में सीधे शामिल नहीं पाए जा रहे हैं तो फिलवक्त उन्हें जमानत देना ही उचित और तर्कसंगत है।

पश्चिम बंगाल का निर्भया काण्ड

अजय दीक्षित

लगभग दस-बारह दिन बीत गये जबकि कोलकाता के एक अस्पताल में रात के वक्त एक ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार हुआ और उसकी वीभत्स तरीके से हत्या कर दी गई । कोलकाता की पुलिस व प्रशासन को जिस तेजी, फुर्ती, और तत्परता से छानवीन कर सुबह ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लेना चाहिए था, ऐसा नहीं हुआ । बहुत साल पहले दिल्ली में एक बालिका के साथ बलात्कार हुआ था और बाद में उसकी हत्या कर दी गई थी । उसके बाद उसे निर्भया काण्ड नाम दिया गया और महिलाओं और विशेष कर बालिकाओं के साथ होने वाले दुराचार पर सख्त कार्रवाई की योजना की गई थी । दुर्भाग्य है कि उसके बाद भी राज्य सरकारें नहीं चेती । उत्तर प्रदेश में हाथरस काण्ड हुआ अन्य राज्यों में भी ऐसे काण्ड होते रहे । राजनैतिक दल एक दूसरे पर आरोप लगाकर अपनी राजनीति चमकाते रहे हैं ।

अब कल ही ममता बैनर्जी ने मार्च निकालकर कोलकाता काण्ड के आरोपी को फांसी देने की मांग की है । बीजेपी इसे ममता सरकार की विफलता मान रही है । कांग्रेस के अधीर रंजन भी पश्चिम बंगाल से आते हैं । वे अभी तक लोकसभा में विपक्ष के नेता थे, ऑफीशियली नहीं । क्योंकि पिछली दो लोकसभाओं में कांग्रेस को कुल सांसदों का दस प्रतिशत भी नहीं मिला था । तो भी अधीर रंजन ही उन बैठकों में भाग लेते थे जहां विपक्ष के नेता एक सदस्य होते हैं । इस बार अधीर रंजन चौधरी चुनाव हार गये । यूं भी कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस का पश्चिम बंगाल में परस्पर विरोध है । वहां इण्डिया गठबंधन नहीं कर रहा है ।

कोलकाता हाईकोर्ट ने भी पश्चिम बंगाल की सरकार को फटकार लगाई है कि उसने जांच ठीक से नहीं की । असल में ममता बैनर्जी को यह केस उसी दिन सी.बी.आई. को सौंप देना चाहिए था, परन्तु ममता बैनर्जी ने पुलिस को एक हफ्ते का समय दे दिया ।

अब इस काण्ड को लेकर देशभर की रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं । पूरे देश में अस्पतालों में ओ.पी.डी. बन्द हैं । मरीज परेशान हो रहे हैं । हर एक प्राइवेट डॉक्टर की फीस नहीं भर सकता ।

असल में कोलकाता के अस्पताल के प्रशासन की सरासर गलती है । रात को जो भी सीनियर स्टाफ है, प्रिंसिपल या उसके प्रतिनिधि को रात भर अस्पताल में क्या हो रहा है, उसकी जानकारी होनी चाहिए । फिर उस दिन रात को तो प्रिंसिपल भी मौजूद थे । पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से पता चला है कि इस बलात्कार काण्ड में एक अकेला व्यक्ति नहीं था । कम से कम चार या पांच लोग शामिल थे । क्योंकि उनके वीर्य पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में मिले हैं । बलात्कार के साथ-साथ उक्त महिला डॉक्टर के साथ मारपीट भी की गई । उसके निशान भी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में हैं । प्रिंसिपल ने उसी दिन इस्तीफा दे दिया और चार घण्टे के अन्दर उसे राज्य सरकार ने दूसरे कॉलेज का प्रिंसिपल बना दिया । यह सही है न केवल पश्चिम बंगाल पर सभी राज्यों में ऐसी घटनाएं होती रहती हैं । परन्तु ममता बैनर्जी की सबसे बड़ी गलती यह है कि इस काण्ड के बाद तुरन्त कार्यवाही नहीं की गई बल्कि लीपा-पोती की गई ! इसका क्या कारण है? क्या बलात्कारी टी.एम.सी. से जुड़ा है ? ऐसे भ्रष्टाचारी को पार्टी में जगह क्यों दी गई । पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने भी ममता बैनर्जी पर सवाल उठाये हैं । असल में सारा हिन्दुस्तान इसको ममता बैनर्जी की नाकामी मानता है । अभी भी समय है केन्द्र सरकार ऐसे बलात्कार के मामलों में चौबीस घण्टे में तहकीकात करके अगले दिन ही उसे फांसी के तख्ते पर चढ़ा दे ।

श्रीकृष्ण सच्चे अर्थों में सृष्टि के कुशल महाप्रबन्धक हैं

ललित गर्ग

भगवान श्रीकृष्ण हमारी संस्कृति के एक अद्भुत एवं विलक्षण राष्ट्रनायक हैं। श्रीकृष्ण का चरित्र एक प्रभावी एवं सफल मैंनेजमेंट गुरु वाले लोकनायक का चरित्र है। वह द्वारिका के शासक भी है किंतु कभी उन्हें राजा श्रीकृष्ण के रूप में संबोधित नहीं किया जाता। वह तो ब्रजनंदन है। कुशल प्रबंधन सोच के कारण ही समाज एवं राष्ट्र व्यवस्था उनके लिये कर्त्तव्य थी, इसलिये कर्त्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिये उसे कभी नकारा नहीं। वे प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों की संयोजना में सचेतन बने रहे। श्रीकृष्ण के प्रबंधन रहस्य को समझना होगा कि उन्होंने किस प्रकार आदर्श राजनीति, व्यावहारिक लोकतंत्र, सामाजिक समरसता, एकात्म मानववाद और अनुशासित सैन्य एवं युद्ध संचालन किया। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए किस तरह की नीति और नियत चाहिए- इन सब प्रश्नों के उत्तर श्रीकृष्ण के प्रभावी प्रबंधन सूत्रों से मिलते हैं। श्रीकृष्ण के आदर्शों से ही देश एवं दुनिया में शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

सही प्रबंधन के बिना किसी भी कार्य से श्रेष्ठतम परिणाम प्राप्त नहीं किये जा सकते। जिस तरह जीवन के प्रत्येक कार्य में सुनिश्चित सफलता के लिये सही प्रबंधन अति आवश्यक है, उसी तरह सही ढंग से जीने एवं सार्थक जीवन के लिये भी सही प्रबंधन जरूरी है। श्रीकृष्ण ने मैंनेजमेंट गुरु की भूमिका निभाते हुए सफल एवं सार्थक जीवन जीने के प्रबंधन सूत्र दिये, जो सदियों से सम्पूर्ण मानवजाति का पथ-दर्शन कर रहे हैं। श्रीकृष्ण के प्रबंधन नीति की खासियत यह है कि उनकी भावना और विवेक एक दूसरे का पूरक है। मैनेजमेंट गुरु श्रीकृष्ण का वह व्यावहारिक कौशल ही था कि अत्याचारी कंस को सबसे पहले आर्थिक रूप से कमजोर किया गया और फिर उसका वध किया। पूरे महाभारत युद्ध के दौरान कहीं भी श्रीकृष्ण ऊंहापोह की स्थिति में नजर नहीं आये। एक ही व्यक्ति में अनेक गुणों, विशेषताओं एवं कौशल का समावेश तभी हो सकता है, जब वह प्रबंधन में निष्णात हो। श्रीकृष्ण एक ऐसा ही आदर्श चरित्र है जो अर्जुन की मानसिक व्यथा का निदान करते समय एक मनोवैज्ञानिक, कंस जैसे असुर का संहार करते हुए एक धर्मावतार, स्वार्थ पोषित राजनीति का प्रतिकार करते हुए एक आदर्श राजनीतिज्ञ, विश्व मोहिनी बंसी बजैया के रूप में सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ, बृजवासियों के समक्ष प्रेमावतार, सुदामा के समक्ष एक आदर्श मित्र, सुदर्शन चक्रधारी के रूप में एक योद्धा व सामाजिक क्रान्ति के प्रणेता हैं। उनके जीवन की छोटी से छोटी घटना से यह सिद्ध होता है कि वे सर्वैश्वर्य सम्पन्न थे। धर्म की साक्षात् मूर्ति थे। कुशल राजनीतिज्ञ थे। सृष्टि संचालक के रूप में एक महाप्रबंधक थे।

भगवान श्रीकृष्ण के मैनेजमेंट मंत्र के अनुसार श्रेष्ठ व्यक्ति को हमेशा अपने पद और गरिमा के अनुसार ही व्यवहार या आचरण करना चाहिए। क्योंकि वह लोगों के लिए आदर्श हैं और वो जैसा करेंगे लोग भी वैसा ही अनुसरण करेंगे। कुरुक्षेत्र के युद्ध मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो गीता के उपदेश दिये थे, वे मैंनेजमेंट के अमरसूक्त हैं। मोहवश अर्जुन ने हथियार त्याग दिए थे, तब गीता के उपदेशों के जरिये ही श्रीकृष्ण ने अर्जुन को धर्मानुसार कर्म करने की प्रेरणा दी। महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण ने जो उपदेश दिए थे, इनमें मैनेजमेंट के सूत्र छिपे हुए हैं। इस सूत्रों को समझकर कोई भी इंसान अपने जीवन में छोटे-छोटे बदलावों से उन्नति कर सकता है। श्रीकृष्ण के अनुसार जिस मनुष्य के मन में किसी प्रकार की इच्छा या कामना होती है, उसे कभी सुख शांति प्राप्त नहीं होती। इसलिए सुख-शांति हासिल करने के लिए इंसान को सबसे पहले अपनी इच्छाओं का त्याग करना होगा। हम कर्म के साथ उसके आने वाले परिणाम के बारे में सोचते हैं जो हमें कमजोर बनाता है। लेकिन हमें परिणाम की चिंता न करके अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, जिससे हम अपने कर्तव्य का पालन कर सकें, यह प्रबंधन का आदिसूत्र हैं।

श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व नेतृत्व एवं प्रबंधन की समस्त विशेषताओं को समेटे बहुआयामी एवं बहुरंगी है, यानी राजनीतिक कौशल, बुद्धिमत्ता, चातुर्य, युद्धनीति, आकर्षण, प्रेमभाव, गुरुत्व, सुख, दुख और न जाने और क्या? एक देश-भक्त के लिए श्रीकृष्ण भगवान तो हैं ही, साथ में वे जीवन जीने की कला एवं सफल नागरिकता भी सिखाते है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं से भारतीय-संस्कृति में उच्च महाप्रबंधक का पद प्राप्त किया। एक ओर वे राजनीति के ज्ञाता, तो दूसरी ओर दर्शन के प्रकांड पंडित थे। धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जगत् में भी नेतृत्व करते हुए ज्ञान-कर्म-भक्ति का समन्वयवादी धर्म उन्होंने प्रवर्तित किया। अपनी योग्यताओं के आधार पर वे युगपुरुष थे, जो आगे चलकर युवावतार के रूप में स्वीकृत हुए। उन्हें हम एक महान् क्रांतिकारी नायक के रूप में स्मरण करते हैं। वे दार्शनिक, चिंतक, गीता के माध्यम से कर्म और सांख्य योग के संदेशवाहक और महाभारत युद्ध के नीति निर्देशक थे किंतु सरल-निश्छल ब्रजवासियों के लिए तो वह रास रचैया, माखन चोर, गोपियों की मटकी फोड़ने वाले नटखट कन्हैया और गोपियों के चितचोर थे। गीता में इसी की भावाभिव्यक्ति है- हे अर्जुन! जो भक्त मुझे जिस भावना से भजता है मैं भी उसको उसी प्रकार से भजता हूं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में भी हम इन्हीं प्रबंधकीय विशेषताओं का दर्शन करते है, क्योंकि श्रीकृष्ण के जीवन-आदर्शों को आत्मसात करते हुए वे एक कुशल प्रबंधक के रूप में सशक्त भारत-नया भारत निर्मित कर रहे हैं।

श्रीकृष्ण का प्रशासनिक एवं राजनीतिक चरित्र अत्यन्त अलौकिक है, उनके समग्र विचार दर्शन का संक्षेप में केवल एक संदेश है- कर्म। कर्म के माध्यम से ही समाज की अनिष्टकारी प्रवृत्तियों का शमन करके उनके स्थान पर वरेण्य प्रवृत्तियों को स्थापित करना संभव होता है। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व असीम करुणा से परिपूर्ण है। लेकिन अनीति और अत्याचार का प्रतिकार करने वाला उनसे कठोर व्यक्ति शायद ही कोई मिले। जो श्रीकृष्ण अपने से प्रेम करने वाले के लिए नंगे पांव दौड़े चले जाते थे, वही श्रीकृष्ण दुष्टों को दण्ड देने के लिए अत्यंत कठोर और निर्मम भी हो जाते थे। कब प्रेम करना और कब घृणा, कब कठोर होना और कब करुणामय-यह उचित प्रबंधन से ही संभव है। भगवान श्रीकृष्ण से प्रेम के साथ-साथ जीवन के सबसे खराब दौर में कैसे अच्छा परिणाम पाएं इसका गुण भी हम लोग सीख सकते हैं। अपने जन्म से लेकर लीला समाप्ति तक, अपने पूरे अवतार के समय तक श्रीकृष्ण ने कई संघर्षों को सुलझाया और देखा भी। परिस्थिति को अपने अनुकूल बनाने की कला सिर्फ श्रीकृष्ण में ही थी। श्रीकृष्ण का यह प्रबंधन कौशल एवं समय-नियोजन ही था कि उन्होंने 64 दिन में 64 कलाओं का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। श्रीकृष्ण ने वैदिक कलाओं के साथ-साथ दूसरी कलाएं भी सीखी थीं। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे आपके व्यक्तित्व का रचनात्मक विकास हो। श्रीकृष्ण ने 64 कलाओं के साथ-साथ संगीत, नृत्य व युद्ध की भी कला भी सीखी थी। एक बार पांडवों के राजसूय यज्ञ में शिशुपाल श्रीकृष्ण को अपशब्द कहता रहा। वह छोटा भाई था, लेकिन बोलते-बोलते उसने सारी मर्यादाएं तोड़ दीं। सभा में मौजूद सभी लोग क्रोधित थे लेकिन श्रीकृष्ण शांत थे और मुस्कुरा रहे थे। एक बार श्रीकृष्ण शांति दूत बनकर दुर्योधन के पास गए तो उसने श्रीकृष्ण का बहुत अपमान किया। श्रीकृष्ण शांत रहे। इसलिए अगर हमारा दिमाग स्थिर है और मन शांत है तभी हम कोई सही निर्णय ले पाएंगे, कठिन स्थितियों को पार कर पाएंगे। गुस्से में हमेशा नुकसान होता है। उचित प्रबंधन के माध्यम से हम यह सीख सकते हैं और श्रीकृष्ण इसके प्रयोक्ता थे।

श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पर्याय है। उनके आदर्शों के माध्यम से ही विश्व ने भारत को जाना है। उनके आदर्शों की पुनर्प्रतिष्ठा से विश्व फिर से भारत को जानेगा। राजनैतिक सूक्ष्म दृष्टि, दुष्टों, राष्ट्रद्रोहियों, अपराधियों एवं भ्रष्टाचारियों का दलन, वचन पालन का संकल्प, राष्ट्रहितार्थ आत्मसमर्पण का व्रत, निष्पाप लोगों की मुक्ति, विषमताओं का उन्मूलन, विभेदों में सामंजस्य, परस्पर शत्रुता का निवारण, स्वयं स्वीकृत आत्मसंयम, राष्ट्र कार्यों में सबका सहयोग, राजसत्ता पर धर्मसत्ता का अंकुश और इन सबकी पूर्ति के लिए सत्ता का भी त्याग इत्यादि श्रीकृष्ण के प्रबंधन-गुण भारत के राष्ट्रीय जीवन एवं सांस्कृतिक मूल्य हैं। वास्तव में श्रीकृष्ण उस कोटि के चिंतक थे, जो काल की सीमा को पार कर शाश्वत और असीम तक पहुंचता है। जब-जब अनीति बढ़ जाती है, तब-तब श्रीकृष्ण जैसे राष्ट्रनायक को अवतीर्ण होना पड़ता है। जैसा कि स्वयं श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है- यदा-यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत:, अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्। अर्थात अन्याय के प्रतिकार के लिए ही राष्ट्रनायक को जन्म लेने की आवश्यकता पड़ती है।

श्रीकृष्ण अनेक प्रबंधन विशेषताओं के समवाय थे, वे ग्रामीण संस्कृति के पोषक बने हैं। उन्होंने अपने समय में गायों को अभूतपूर्व सम्मान दिया। वे गायों एवं ग्वालों के स्वास्थ्य, उनके खान-पान को लेकर सजग थे। उन्होंने जहां ग्वालों की मेहनत से निकाला गया माखन और दूध-दही को स्वास्थ्य रक्षक के रूप में प्रतिष्ठित किया वही इन अमूल्य चीजों को 'कर' के रूप में कंस को देने से रोका। वे चाहते थे कि इन चीजों का उपभोग गांवों में ही हो। श्रीकृष्ण का माखनचोर वाला रूप दरअसल निरंकुश सत्ता को सीधे चुनौती तो था ही, लेकिन साथ ही साथ ग्रामीण संस्कृति को प्रोत्साहन देना भी था। श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव-जन्माष्टमी पर आज भारत का निर्माण उनकी शिक्षाओं, जीवन-आदर्शों, प्रबंधन-कौशल एवं सिद्धान्तों पर करने की अपेक्षा है, तभी हिन्दू सशक्त होंगे, तभी भारत सही अर्थों में हिन्दू राष्ट्र बन सकेगा।

सामाजिक समरसता से बनेगा सशक्त भारत

प्रो. संजय द्विवेदी

समता, ममता और समरसता हमारे भारतीय लोकजीवन का अभिन्न अंग है। हम जिस देश में रहते हैं उसके ऋषि कहते हैं- 'सर्वभूतहिते रता:।' प्रकृति से साथ हमारा संवाद बहुत पुराना है। इसलिए हमने अपनी समूची सृष्टि को स्वीकारा। किसी को विरोधी नहीं माना। पेड़, पहाड़, नदियां, समुद्र, वनस्पतियां, जलचर, नभचर, जीव-जंतु, मनुष्य सबमें ईश्वर का वास मानने वाले हम ही हैं। हम ही कह पाए जो जड़ में है वही चेतन में है। कण-कण में ईश्वर का वास मानने वाली संस्कृति ही भारतीय संस्कृति है।

काल के प्रवाह में विचलन स्वाभाविक है। आज हमें समता, समरसता और अधिकारों की बात करनी पड़ रही है। सुधारों की बात करनी पड़ रही है, क्योंकि विचलन ने हमें उन मूल्यों से विरत कर दिया, जहां एक आदमी को ईश्वर बन जाने की स्वतंत्रता थी। आदमी का मनुष्य बनना और फिर देवत्व की तरफ बढ़ना साधारण नहीं है। उसके मूल्यनिष्ठ होते जाते की मुनादी है, घोषणा है। ऋषि कहते हैं- 'मर्नु भव:' यानि मनुष्य बनो। यही बाद बाद में गालिब के मुंह से निकलती है-

यूं तो मुश्किल है हर काम का आसां होना
आदमी को मयस्सर नहीं इंसा होना।

यानि जन्म से आप 'आदमी' हो सकते हैं किंतु 'मनुष्य' या 'इंसान' एक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही आप बनते हैं। हमारे समाज में मनुष्य बनाने के स्कूल थे। हमारा परिवार, समाज और विद्यालय तथा धर्मगुरु इस प्रक्रिया को संभव करते थे। मनुष्य-मनुष्य में भेद को हमने अपराध माना। इसीलिए गुरू घासीदास कहते हैं- मनखे-मनखे एक हैं। इसी बात को गांधी छुआछूत के संदर्भ में कहते हैं- अस्पृश्यता ईश्वर और मानवता के प्रति अपराध है। हिंदू समाज में आई जड़ता को तोड़ने के लिए समय-समय पर सुधारवादी आंदोलन चलते रहे हैं। हिंदु स्वयं एक ऐसा समाज है, जिसने अपने आत्मसुधार के लिए निरंतर यत्न किए हैं। हम सब ऋषियों की संतति हैं यह भाव लेकर काम करते रहे हैं। गौतम बुद्ध, भगवान महावीर, कबीर, नानक, गुरू गोरखनाथ, गुरू घासीदास, संत रविदास से लेकर एक पूरी परंपरा जड़ताओं और कुरीतियों पर प्रहार करते हुए आत्मालोचन के लिए प्रेरित करती रही है। समय के सच को समझना और अपने समय के कठिन सवालों से जूझना हिंदुत्व की प्रकृति रही है। गुलामी के कालखंड में आई कुछ नकारात्मक वृत्तियों को समाप्त करने के लिए राजा राममोहन राय, महात्मा गांधी, बाबा साहब डा.भीमराव आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, पंडित सुंदरलाल शर्मा जैसे अनेक नायक हमारे समाज में समरसता के मंत्रदृष्टा बनकर आते रहे हैं। कोई भी समाज कुरीतियों से मुक्त नहीं है। हर समाज में समय के साथ कुछ गिरावट आती है। मूल बात यह है कि क्या समाज अपनी गिरावट के विरूद्ध तनकर खड़ा होता है या नहीं। उसमें आत्मालोचन और आत्मसमीक्षा की प्रवृत्ति है या नहीं। हिंदु समाज इस अर्थ में खास है कि उसने प्रश्नाकुलता को समाज में मान्यता दी है। वह सती प्रथा, बाल विवाह, छूआछूत, जातीय विद्वेष के विरूद्ध खड़ा हुआ और स्त्री शिक्षा, स्त्री को न्याय,मनुष्य की बराबरी के मानकों को स्वीकार करते हुए एक नया भारत बनाने की ओर है। समाज में 'जातिद्वेष' मान्यता नहीं है।

हम मानते रहे हैं कि जाति का गौरव होना चाहिए किंतु जाति भेद ठीक नहीं। हमारे अनेक ऋषि व्यास, बाल्मीकि, संत रविदास, संत रसखान हमारे श्रद्धास्थान हैं। क्योंकि हमें बताया गया और हमने माना भी कि जाति-पात पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। हमारी परंपरा के सर्वोच्च नायक भगवान श्रीराम के समरसता इन्हीं गुणों से मर्यादा पुरूषोत्तम बने। अपनी उदार भावनाओं से वे 'शबरी के राम' हैं तो 'बाल्मीकि के भी राम' हैं। वे तुलसी के राम हैं तो कबीर के भी राम हैं। वे हनुमान के हृदय में हैं तो आहिल्या के भी उद्धारकर्ता हैं। वे निषादराज के परममित्र हैं, तो किंष्किंधानरेश सुग्रीव के भी मित्र हैं। इस परंपरा को समझने वाले ही भारत के मन को समझ सकते हैं।

भारतीय समाज को लांछित करने के लिए उस पर सबसे बड़ा आरोप वर्ण व्यवस्था का है। जबकि वर्ण व्यवस्था एक वृत्ति थी, टेंपरामेंट थी। आपके स्वभाव, मन और इच्छा के अनुसार आप उसमें स्थापित होते थे। व्यावसायिक वृत्ति का व्यक्ति वहां क्षत्रिय बना रहने को मजबूर नहीं था, न ही किसी को अंतिम वर्ण में रहने की मजबूरी थी। अब ये चीजें काल बाह्य हैं। वर्ण व्यवस्था समाप्त है। जाति भी आज रूढ़ि बन गयी किंतु एक समय तक यह हमारे व्यवसाय से संबंधित थी। हमारे परिवार से हमें जातिगत संस्कार मिलते थे- जिनसे हम विशेषज्ञता प्राप्त कर 'जाब गारंटी' भी पाते थे। इसमें सामाजिक सुरक्षा थी और इसका सपोर्ट सिस्टम भी था। बढ़ई, लुहार, सोनार, केवट, माली, निषाद, बुनकर ये जातियां भर नहीं है। इनमें एक व्यावसायिक हुनर और दक्षता जुड़ी थी। गांवों की अर्थव्यवस्था इनके आधार पर चली और मजबूत रही। आज यह सारा कुछ उजड़ चुका है। हुनरमंद जातियां आज रोजगार कार्यालय में रोजगार के लिए पंजीयन करा रही हैं। जाति व्यवस्था और वर्ण व्यवस्था दोनों ही अब अपने मूल स्वरूप में काल बाह्य हो चुके हैं। अप्रासंगिक हो चुके हैं। ऐसे में जाति के गुण के बजाए, जाति की पहचान खास हो गयी है। इसमें भी कुछ गलत नहीं है। हर जाति का अपना इतिहास है, गौरव है और महापुरुष हैं। ऐसे में जाति भी ठीक है, जाति की पहचान भी ठीक है, पर जातिभेद ठीक नहीं है। जाति के आधार भेदभाव यह हमारी संस्कृति नहीं। यह मानवीय भी नहीं और सभ्य समाज के लिए जातिभेद कलंक ही है।

भारत के इतिहास में तमाम ऐसे पृष्ठ हैं, जिसमें हमारी संस्कृति और सभ्यता की रक्षा के लिए समाज के हर वर्ग के लोगों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। विदेशी आक्रामणों से जूझते हुए भी हमारे समाज ने अपनी सभ्यता और संस्कृति को जीवित रखा। बाद के कालखंड में विभेदकारी शासकों ने भारतीय समाज में विभाजन के बीज बोए क्योंकि उन्हें अपने राज को स्थाई बनाना था। लोगों के हाथ से हुनर छीन कर उन्हें दास बनाना उनका मकसद था। यह काम बिना बंटवारे की राजनीति से संभव नहीं था। भारत के सामने अपनी एकता को बचाने का एक ही मंत्र है, 'सबसे पहले भारत'। इसके साथ ही हमें अपने समाज में जोड़ने के सूत्र खोजने होगें। भारत विरोधी ताकतें तोड़ने के सूत्र खोज रही हैं, हमें जोड़ने के सूत्र खोजने होगें। किन कारणों से हमें साथ रहना है, वे क्या ऐतिहासिक और सामाजिक कारण हैं जिनके कारण भारत का होना जरूरी है। इन सवालों पर सोचना जरूरी है। अगर वे हमारे समाज को तोड़ने, विखंडित करने और जाति, पंथ के नाम पर लड़ाने के लिए सचेतन कोशिशें चला सकते हैं, तो हमें भी इस साजिश को समझकर सामने आना होगा। भारत का भला और बुरा भारत के लोग ही करेगें। इसका भला वे लोग ही करेंगें जिनकी मातृभूमि और पुण्यभूमि भारत है। वैचारिक गुलामी से मुक्त होकर, नई आंखों से दुनिया को देखना। अपने संकटों के हल तलाशना और विश्व मानवता को सुख के सूत्र देना हमारी जिम्मेदारी है ।

भारत अपनी लंबी गुलामी से उपजी इसी पीड़ा को आजतक भोग रहा है। कोई भी राष्ट्र इतने लंबे समय की गुलामी के बाद तमाम राष्ट्रों की तरह समाप्त हो जाता, किंतु भारत खड़ा है क्योंकि उसके पास परंपरा का उत्तराधिकार था। ऋषियों और संतों द्वारा दिया गया आध्यात्मिक उत्तराधिकार था। भक्ति ने भारत को हमेशा बचाया और बदला है। हमारी संत परंपरा हमारी जड़ों में एकता और समरसता के सूत्र पिरोती रही है। उनकी शरण में भारत खुद को तलाशता रहा है और सामने खड़े प्रश्नों से मुक्ति पाता रहा है। कुंभ जैसे आयोजन उसके नवपरिष्कार का अवसर देते रहे हैं, तो समाज में प्रवास कर संत शक्ति उसकी शक्ति को संगठित करती रही है। आज समरसता के मंत्रदृष्टा अनेक सामाजिक संगठन भी सक्रिय होकर अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। भारत जाग रहा, अपना पुर्नअविष्कार कर रहा है। अपनी सांस्कृतिक धारा से जुड़कर अपने संकटों के हल तलाश रहा है। यही यात्रा समरसता की वाहक भी और प्रस्थान बिंदु भी। सामाजिक एकता और सामाजिक समरता के बिना हम 'एक भारत और श्रेष्ठ भारत' नहीं बना सकते। इसलिए एकत्व के तत्व खोजना और मनों को जीतना हमारी कोशिश होनी चाहिए। यही बात 'भारत' को 'समर्थ भारत' बनाएगी।

कृष्ण के अनेक रूप हैं और इन रूपों में जो रूप आम आदमी में सर्वाधिक लोकप्रिय और बहुप्रचारित है, वह है रासलीला वाले कृष्ण का। शृंगार रस में डूबे कृष्ण, ब्रज की गोपिकाओं के साथ रास रचाते हैं और तरह-तरह की क्रीड़ाएं करते हैं।

रख रहे हैं जन्माष्टमी का व्रत

जरूर रखें इन नियमों का ध्यान

जब-जब धरती पर धर्म का पतन होता है तब-तब भगवान मनुष्य रूप में पृथ्वी पर अवतार लेते हैं। इसी कड़ी में भाद्रपद की कृष्ण अष्टमी तिथि, बुधवार, रोहिणी, नक्षत्र में भगवान विष्णु ने कृष्ण रूप में अवतार लिया। इस दिन भगवान पृथ्वी पर अवतरित हुए थे इसलिए इस दिन कृष्ण जन्माष्टमी मनाया जाता है। इस दिन सभी लोग रात 12 बजे तक व्रत रखते हैं। आइए जानते हैं कैसे की जाती है व्रत की तैयारी और क्या हैं नियम?मथुरा वृंदावन सहित उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में कृष्णजन्म का नहीं बल्कि कृष्ण जन्मोत्सव का व्रत रखते हैं। यहां अष्टमी के साथ नवमी व्यापिनी तिथि में भी व्रत रखा जाता है क्योंकि यहां जन्म का नहीं उत्सव का व्रत रखते हैं। लेकिन जो लोग श्रीकृष्णजन्म का व्रत रखते हैं उनके लिए व्रत-उपवास और पूजन, झूलन के लिए सभी प्रकार से ग्रह्य और उचित रहेगा।

यह हैं नियम

- जन्माष्टमी के व्रत से पहले रात को हल्का भोजन करें और अगले दिन ब्रहमचर्य का पूर्ण रूप से पालन करना चाहिए, ऐसी मान्यता है।
- उपवास के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान आदि कार्यों से निवृत होकर भगवान कृष्ण का ध्यान करना चाहिए।
- भगवान के ध्यान के बाद उनके व्रत का संकल्प लें और पूजा की तैयारी करनी चाहिए।
- इस दिन भगवान कृष्ण को माखन-मिश्री, पाग, नारियल की बनी मिठाई का भोग लगया जाता है।
- हाथ में जल, फूल, गंध, फल, कुश हाथ में लेकर ममखिलपापप्रशमनपूर्वक सर्वाभीष्ट सिद्धये, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रतमहं करिष्ये? इस मंत्र का जाप करना चाहिए।
- रात 12 बजे भगवान का जन्म करें, इसके बाद उनका पंचामृत से अभिषेक करें। उनको नए कपड़े पहनाएं और उनका श्रृंगार करना चाहिए।
- भगवान का चंदन से तिलक करें और उनका भोग लगाएं। उनके भोग में तुलसी का पत्ता जरूर डालना चाहिए।।
- नन्द के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, कहकर कृष्ण को झूला झुलाना चाहिए।
- भगवान कृष्ण की घी के दीपक और धूपबत्ती से आरती उतारें और उनके रातभर मंगल भजन गाना चाहिए।ऐसा ना करेंजन्माष्टमी के व्रत रखनेवाले एक दिन पहले से ही सदाचार का पालन करना चाहिए। जो यह व्रत भी नहीं करते हैं उन्हें भी इस दिन लहसुन, प्याज, बैंगन, मांस-मदिर, पान-सुपारी और तंबाकू से परहेज रखना चाहिए। व्रत रखने वाले मन में भगवान कृष्ण का ध्यान शुरू कर देना चाहिए और कामभाव, भोग विलास से खुद को दूर कर लेना चाहिए। साथ ही मूल, मसूरदाल के सेवन से भी दूर रहना चाहिए। मन में नकारात्मक भाव ना आने दें।

कृष्ण स्मरण का महत्व

सकृन्मनः कृष्णापदारविन्दयोर्निवेशितं तद्गुणरागि यैरिह।
न ते यमं पाशभृतश्च तद्भटान स्वप्नेऽपि पश्यन्ति हि चीर्णनिष्कृताः॥
जो मनुष्य केवल एक बार श्रीकृष्ण के गुणों में प्रेम करने वाले अपने चित्त को श्रीकृष्ण के चरण कमलों में लगा देते हैं, वे पापों से छूट जाते हैं, फिर उन्हें पाश हाथ में लिए हुए यमदूतों के दर्शन स्वप्न में भी नहीं होते।

अविस्मृतिः कृष्णपदारविन्दयोः
क्षिणोत्यभद्रणि शमं तनोति च।
सत्वस्य शुद्धिं परमात्मभक्तिं
ज्ञानं च विज्ञानविरागयुक्तम॥

श्रीकृष्ण के चरण कमलों का स्मरण सदा बना रहे तो उसी से पापों का नाश, कल्याण की प्राप्ति, अन्तः करण की शुद्धि, परमात्मा की भक्ति और वैराग्ययुक्त ज्ञान-विज्ञान की प्राप्ति आप ही हो जाती है।

पुंसां कलिकृतान्दोषान्द्रव्यदेशात्मसंभवान।

सर्वान्हरित चित्तस्थो भगवान्पुरुषोत्तमः॥
भगवान पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण जब चित्त में विराजते हैं, तब उनके प्रभाव से कलियुग के सारे पाप और द्रव्य, देश तथा आत्मा के दोष नष्ट हो जाते हैं।

शय्यासनाटनालाप्रीडास्नानादिकर्मसु।
न विदुः सन्तमात्मानं वृष्णयः कृष्णचेतसः॥
श्रीकृष्ण को अपना सर्वस्व समझने वाले भक्त श्रीकृष्ण में इतने तन्मय रहते थे कि सोते, बैठते, घूमते, फिरते, बातचीत करते, खेलते, स्नान करते और भोजन आदि करते समय उन्हें अपनी सुधि ही नहीं रहती थी।

वैरेण यं नृपतयः शिशुपालपौण्ड्र -
शाल्वादयो गतिविलासविलोकनाद्यैः।
ध्यायन्त आकृतधियः शयनासनादौ
तत्साम्यमापुरनुरक्तधियां पुनः किम॥
जब शिशुपाल, शाल्व और पौण्ड्रक आदि राजा वैरभाव से ही खाते, पीते, सोते, उठते, बैठते हर वक्त श्री हरि की चाल, उनकी चितवन आदि का चिन्तन करने के कारण मुक्त हो गए, तो फिर जिनका चित्त श्री कृष्ण में अनन्य भाव से लग रहा है, उन विरक्त भक्तों के मुक्त होने में तो संदेह ही क्या है?

एनः पूर्वकृतं यत्तद्राजानः कृष्णवैरिणः।
जहुस्त्वन्ते तदात्मानः कीटः पेशस्कृतो यथा॥
श्रीकृष्ण से द्वेष करने वाले समस्त नरपतिगण अन्त में श्री भगवान के स्मरण के प्रभाव से पूर्व संचित पापों को नष्ट कर वैसे ही भगवद्रूप हो जाते हैं, जैसे पेशस्कृत के ध्यान से कीड़ा तद्रूप हो जाता है, अतएव श्रीकृष्ण का स्मरण सदा करते रहना चाहिए।

कृष्ण जन्माष्टमी पर बन रहा है बेहद दुर्लभ संयोग

भगवान विष्णु के आठवें अवतार कृष्णजी का जन्म भारत सहित दुनियाभर में बहुत धुमधाम से मनाया जाता है। इसबार कृष्ण जन्माष्टमी पर ठीक वैसा ही संयोग बना है, जैसा द्वापर युग में बाल गोपाल के रूप में भगवान धरती पर अवतार लिया था। इस संयोग को कृष्ण जयंती के नाम से जाना जाता है। ग्रंथो के अनुसार, भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि में आधी रात यानी बारह बजे रोहिणी नक्षत्र हो और सूर्य सिंह राशि में तथा चंद्रमा वृष राशि में हों, तब श्रीकृष्ण जयंती योग बनता है। ऐसा दुर्लभ संयोग बार-बार नहीं बनता है इसलिए भूलकर भी कुछ ऐसे काम नहीं करने चाहिए, जिसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ें।

किसी के साथ गलत व्यवहार ना करें - जन्माष्टमी का दिन पुण्य कार्य का है, इस दिन किसी के साथ भी गलत व्यवहार नहीं करना चाहिए। गलत व्यवहार कभी किसी के साथ नहीं करना चाहिए। शास्त्रों में गरीब या असहाय व्यक्ति को परेशान करने वाले को कभी माफ नहीं किया गया है। शनिदेव इस तरह के काम करनेवालों से जल्दी नाराज होते हैं।

वृक्ष को ना काटें - शास्त्रों में बताया गया है कि कृष्ण जन्माष्टमी के दिन घर में जितने भी सदस्य हैं, उनके नाम के वृक्ष लगाने चाहिए और हर रोज उनकी देखभाल करें। इससे आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है। लेकिन भूलकर भी इस दिन वृक्ष नहीं काटने चाहिए।

वाद-विवाद ना करें - जन्माष्टमी का दिन मन को शांत रखें और ईश्वर का ध्यान करें। जन्माष्टमी के व्रत को व्रतराज भी कहा गया है, इस व्रत को करने से आपकी हर समस्या का समाधान हो जाता है। इसदिन भूलकर भी घर में वाद-विवाद नहीं करना चाहिए। इससे घर की लक्ष्मी रुष्ट हो जाती हैं।

शारीरिक संबंध ना बनाएं - शास्त्रों में बताया गया है कि जन्माष्टमी के उपावस के एक दिन पहले या फिर उसी दिन स्त्री-पुरुष को प्रसंग से बचना चाहिए। इस दिन संबंध बनाना अशुभ और परलोक में कष्टकारी माना गया है। इस दिन शरीर, मन तथा बुद्धि में सामंजस्य बनाए रखना चाहिए।

देर तक ना सोएं - जन्माष्टमी का त्योहार साल में एक बार आता है, इस दिन को आप सोने में व्यर्थ करें। सुबह जल्दी उठकर भगवानजी की पूजा करनी चाहिए और मन में ईश्वर को याद करना चाहिए।

महिलाओं का करें सम्मान - भगवान कृष्ण की पत्नी रुक्मणी मां लक्ष्मी का रूप थीं। जिस घर में महिलाओं का सम्मान नहीं होता, वहां कभी भी माता लक्ष्मी वास नहीं करती। जिस घर में माता लक्ष्मी प्रसन्न हो जाएं वहां कभी किसी चीज की कमी नहीं होती।

तुलसी का पत्ता ना तोड़ें - भगवान विष्णु को तुलसी बहुत प्रिय है, भगवान के भोग में तुलसी का पत्ता अवश्य होना चाहिए। शास्त्रों में बताया गया है कि जन्माष्टमी के दिन सिर्फ भगवान के भोग के लिए तुलसी के पत्ते तोड़ने चाहिए। जो भी व्यक्ति बिना स्नान किए तुलसी का पत्ता तोड़ता है, उसकी पूजा कभी भी स्वीकार नहीं की जाएगी।

मांस-शराब का सेवन न करें- जन्माष्टमी के दिन विशेष संयोग बन रहा है। इस वजह से इस दिन मांस और शराब के सेवन से भी बचना चाहिए।''

भगवान विष्णु हैं 'जल' के स्वामी

ब्रम्हपुराण में कहा गया है कि 'जल' विष्णु का निवास स्थान (अथवा जल ही उनका स्वरूप) है। विष्णु ही 'जल' के स्वामी हैं। इस कारण सदैव जल में पापहारी विष्णु का स्मरण करना चाहिए। सभी देवगण जल रूप हैं। पितृगण भी जल रूप ही हैं। इस कारण पितरों से अपनी भलाई की अपेक्षा करने वाले को जल में ही पितरों का 'तर्पण' करना चाहिए। रुद्रयामल तन्त्र के अनुसार जल के अधिपति श्री गणेश जी हैं।

वेदों में जल को एक महनीय देवता माना गया है। ऋग्वेद के चार स्वतंत्र सूक्तों में जल की देवता रूप में स्तुति की गयी है। इसके अतिरिक्त कई प्रकीर्ण सूक्तों के कतिपय मंत्रों में इनकी स्तुतियां प्राप्त होती हैं। साथ ही वाजसनेयी, काठक, कपिल, काण्व, तैत्तिरीय, मैत्रायणीय आदि संहिताओं के अतिरिक्त अथर्वण संहिता में भी जल देवता से संबंधित अनेक सूक्त तथा मंत्र भी उपलब्ध होते हैं। आचार्य यास्क ने जल देवता को मध्यम स्थानीय देवता मानकर प्रसिद्ध अप्-सूक्त की विस्तृत व्याख्या की है।

मनुष्य तथा अन्य प्राणियों के शरीर में जल का पर्याप्त भाग है और उसे पान किये बिना बहुत देर तक कोई जीवित नहीं रह सकता तथा मनुष्य की पवित्रता संबंधी शौच, स्नान, मार्जन, प्रक्षालन, देवपूजन आदि सभी क्रियाएं एकमात्र जल पर ही आलम्बित रहती हैं। संध्यादि कर्मों में स्नान, मार्जन, अघमर्षण आदि से सूर्यार्घ्य पर्यन्त जल का ही मुख्य प्रयोग होता है। कृषि, अन्नपाक और वस्त्र आदि प्रक्षालन की क्रियाओं में जल देवता ही मुख्य कारण हैं। नदी आदि तीर्थों तथा भूमि के भी अन्तर्भाग में जल ही व्याप्त है। इसीलिये सम्पूर्ण प्राणी जलाधार पर ही अधिष्ठित रहते हैं और मत्स्यादि जलचों के लिए तो जल देवता ही सब कुछ हैं। इसलिये इन्हें जगत का जीवन कहा गया है और कोई भी प्राणी इनके उपकारों का बदला नहीं चुका सकता। अतः जल देवता की जितनी भी पूजा उपासना की जाये अल्प ही है।

जल का एक नाम जीवन है। यह प्राणी के जीवन का आधार है। इस जल के अधिपति देवता वरुण हैं। वेद ने आदेश दिया है कि हम प्रतिदिन जलाधिपति वरुण की नित्य प्रार्थना इस प्रकार किया करें- 'हे दिव्य जलाधिपति वरुणदेव! आप हमारे स्नान और पान में सुख प्रदान करते रहें। यह जल हमारे रोगों का शमन करे और सारी भीतियों को भी भगाता रहे।' ऋग्वेद में भी आया है कि वरुण देवता के गृह जलीय होते हैं। विश्वकर्मा ने इनकी सभा जल के भीतर रहकर ही बनायी थी। वहां प्रह्लाद, बलि आदि दैत्य, वासुकि आदि नाग उनकी उपासना में रत रहते हैं। जल के साथ वरुण देवता के इस घनिष्ठ संबंध को सूचित करने के लिए शास्त्र ने इनके अम्बुद, अम्बुपति, अपाम्पति, जलाधिपति, यादसाम्भर्ता आदि बहुत-से नाम बताये हैं।

हरिवंश, भविष्यपर्व में वर्णन आता है कि उपयुक्त अवसर आने पर इनकी सहायता के लिए चारों ओर से समुद्र इनको घेरकर खड़े हो जाते हैं। नाग, कच्छप और मत्स्य भी इनको चारों ओर से घेरकर अपनी कर्तव्यनिष्ठा निभाते हैं। निरुक्त ने ऋग्वेद की एक ऋचा उद्धृत कर यह बताया है कि वरुण देवता मेघ मण्डल के जल में विचरण करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर पृथ्वी पर जल बरसाते हैं। ये निरन्तर मनुष्यों के कल्याण में लगे रहते हैं।

संक्षिप्त समाचार

बजरंग दल ग्राम समिति का हुआ गठन

महासमुंद (समय दर्शन)। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ग्राम ढांक के ग्राम समिति का गठन किया गया जिसमें मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद जिलामंत्री व जिला सह संयोजक की उपस्थित मे ग्राम समिति ढाँक की समिति की घोषणा जिलामंत्री धनेंद्र चंद्राकर के द्वारा की गई । जहां अध्यक्ष डेविड ध्रुवंशी, उपाध्यक्ष भूपेंद्र विश्वकर्मा, मंत्री प्रवीण नायक, सन्योजक नंचू ध्रुव,सह संयोजक निखिल ध्रुवंशी ,सत्संग प्रमुख तुषार नायक, की घोषणा की गई उक्त कार्यक्रम मे बजरंग दल जिला सह सन्योजक दुर्गेश यादव, प्रखण्ड सन्योजक लवकुश साहू,ऋषि ध्रुवंशी,चोवा पटेल, राहुल सागर, राहुल ध्रुव, राजवीर यादव, रवि पटेल,दिवाकर नायक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने लगाया सरपंच / सचिव पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप

सरायपाली (समय दर्शन)। जैसे जैसे नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत के चुनाव सामने आ रहे हैं ठीक वैसे ही

कई ग्राम पंचायतों से भी भ्रष्टाचार के मामले उजागर होते जा रहे हैं। ताजा मामला महासमुंद जिले के सरायपाली जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मोहदा का है जहां के सैकड़ो ग्रामीण सरपंच और सचिव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है, आपको बता दें कि ग्राम पंचायत में ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों ने जब सरपंच सचिव से गांव में हुए विकास कार्यों की समीक्षा और निर्माण कार्यों में लगे लागत की जानकारी मांगी जिस पर सरपंच द्वारा किसी प्रकार की जानकारी नहीं देने की बात कही जिस पर सैकड़ो ग्रामीणों ने पिछले 5 सालों से बड़े भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया है वही सैकड़ो ग्रामीणों का कहना है कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत् जितने भी मनरेगा के कार्य हुए हैं सरपंच ने अपने निजी हितग्राहियों के नाम से फर्जी मस्टरोल भर के लाखों रुपए का राशि आहरण कर गबन किया गया है ग्राम पंचायत के कई लोग राशन कार्ड के लिए भटक रहे हैं तो कई लोगो को नया राशन कार्ड बनाने के लिए सरपंच द्वारा 3000(तीन हजार रूपए)की मांग करते है,उधर 15 वे वित्त की राशि से कोई काम नहीं किया गया है,गली की साफसफाई नही किया गया है,सड़क का मरम्मत का कार्य भी नही हुआ,तालाब के आस-पास कोई साफसफाई का नाम नही है पूरा ग्राम पंचायत ही भ्रष्टाचार का गढ़ है।

ग्रामीणों का कहना हैं कि सरपंच ने खुद सैकड़ो ग्रामीणों के बीच भ्रष्टाचार करना स्वीकार किया है। इसकी संपूर्ण जानकारी ग्राम पंचायत मोहदा के शंकर लाल भोई,डोलामनी,शशिभूषण बंजारे,मुकेश निषाद,हेमसागर निषाद,मोतीलाल पटेल,टंकाधर पटेल, गुणसागर साहू,निराकार पटेल,हेमसागर यादव,सत्यनारायण पटेल, जयदेव साहू,विजय पटेल,तेजकुमार साहू,महेंद्र पटेल,रामकुमार पटेल,रुकमण पटेल, लव कुमार भोई,अनिल पटेल और अधिक संख्या में ग्रामीणों ने इसकी जानकारी दी है द्य

शास. प्राथ.शाला सिरशोभा में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस में कार्यक्रम का आयोजन

सरायपाली (समय दर्शन)। शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कक्षा पहली से पांचवी तक के छात्र-छात्राओं को एलईडी टीवी द्वारा चंद्रयान-3 के सफलता की कहानी चलचित्र के माध्यम से दिखाया गया। बच्चों ने भी इस स्वर्णिम अध्याय के बारे में जानकारी प्राप्त किया।चंद्रयान-3 के सफल लॉन्चिंग और लैंडिंग के बारे में बताया गया। बच्चों में वैज्ञानिक हुनर जागृत करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम सहयोगी सिद्ध होगा। प्रधान पाठक दुर्वादल दीप ने भारत के अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र श्रीहरिकोटा पर भी विचार व्यक्त किया गया। अंतरिक्ष,चंद्रमा, इसरो के बारे में विचार व्यक्त किए गए। बच्चों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया गया। श्यामपट्ट में भी चंद्रयान-3 का चित्र बनाया गया जिससे बच्चे देखकर उत्साहित हुए और स्वयं भी कागज में बनाकर प्रदर्शित किया।

देवेंद्र यादव के गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

निष्पक्ष जांच और कांग्रेस जन की रिहाई की मांग -कांग्रेस कमिटी

सारँगढ़ योगेश कुर्रे (समय दर्शन)-भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के बाद प्रदेश कांग्रेस खेमे में खलबली मच गयी वर्तमान सरकार के खिलाफ प्रदेश व्यापी आंदोलन कर रही है उसी कड़ी में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले भारत माता चौका में जिला स्तरीय एक दिवसीय कांग्रेस जनो ने घंटो बारिश के बीच बैठकर विरोध प्रदर्शन किया कांग्रेस वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद पी आर खूंटे ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर निशाना साधा कहा बलौदाबाजार अग्नि कांड सिर्फ भाजपा का षड्यंत्र है हमेशा भाजपा ने जाति समप्रदयिक हिंसा भड़काया है और देश और प्रदेश को आग में झोखा है आज कई घर से बेघर है साय सरकार जानबूझकर कांग्रेस नेताओ को टारगेट कर जेल भेजने का काम कर रही आगे कहा सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिये कई हथकंडे अपना रही है जबरन निर्दोष लोगों के ऊपर एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेज कर प्रताड़ित कर रही है भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सतनामी भाइयो के आंदोलन में शामिल हुये है क्या गलत किया वो भी भीड़ में बैठे थे कही पर मंचशीन नही हुए और तो और सम्बोधन भी नही किया तो उसके ऊपर एफआईआर करना कहा तक मुनासिफ है कोई एक सबूत लाये बिना किसी साक्ष्य के संगीन धारा लगाना कहा तक उचित है आगे खूंटे ने कहा केंद्र सरकार का जाने का समय आ गया है मोदी सरकार जल्द ही ध्वस्त हो जाएगा गठबंधन की सरकार अब नही चलने वाली आगामी दिने में कई राज्यों में चुनाव है जिसमे इनका गठबंधन नही चलने वाला है लोकसभा का फिर से चुनाव होना तय है

भाषण देते वक्त खूंटे का जुबान फिसला और कह दिया केंद्रीय गृह मंत्री को छत्तीसगढ़ी भाषा मे कुकर ,,अमित शाह गृह मंत्री का तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ में नक्सल वाद को लेकर दौरे पर है और इसको लेकर पी आर खूंटे ने कहा केंद्र में मोदी की सरकार है और शुरू से छत्तीसगढ़ में नक्सल वाद खात्मा करने की बात कर रहे थे और हालात को सुधार नही पाए तभी गृह मंत्री को कुकर जैसे छत्तीसगढ़ में घूमने की बात कही साथ ही कहा जिला बदर वाले आदमी आज देश का गृह मंत्री बना हुआ है ये बहुत बड़ी दुर्भाग्य की बात है

राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौपा ज्ञापन जिसमे उल्लेखनीय बलौदाबाजार प्रकरण में निष्पक्ष जांच एवम गिरफ्तारी कांग्रेस जनो की रिहाई मांग किया है बलौदाबाजार में हिंसा के बाद आगजनी राज्य की भाजपा की नाकामी है सरकार अपनी विफलता छुपाने के लिये दुर्भावना से कर कर रही है जिस तरह से भिलाई विधायक देवेंद्र यादव तथा युवा कांग्रेस एन .एस .यू .आई के जिलाध्यक्ष सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर विभिन्न धाराओं में एफआई .आर कर गिरफ्तारी की जा रही है कांग्रेस पार्टी इसकी घोर निंदा करती है विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए - सारँगढ़ विधायक श्रीमती उतरी गणपत जांगड़े, बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे,अरुण मालाकार, श्रीमती पद्मा घनस्याम मनहर, गणपत जांगड़े ,संजय दुबे, पुरूषोत्तम साहू, विष्णु चंद्रा, अजय बंजारे, विनोद भारद्वाज, राकेश पटेल, शंकर चौहान, रोहित महिलाने,शुभम बाजपेयी,रमेश खूंटे, कु.सरिता मल्होत्रा, कु. लता जाटवर, अभिषेक शर्मा, अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे

संतान की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

नंदिनी अहिवारा (समय दर्शन)। छत्तीसगढ़ में दो भादो (भाद्रपद) के कृष्ण पक्ष पक्ष में षष्ठी छठवे दिन को कमरछठ तिहार मनाया गया। एवं साथ ही साथ धूप और बारिश को देखते हुए पूजा स्थल में व्रत धारी महिलाओं के लिए छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के तरफसे टेंट और पंडाल की व्यवस्था की गई थी और साथ में हनुमान सेवा समिति वार्ड 7 की महिला सदस्यों को अहिवारा में होने वाली हमर पोरा रेली अहिवारा का निमंत्रण भी दिया गया। ईश अवसर पर कौशल साहू जिला उपाध्यक्ष जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी दुर्ग ग्रामीण उपस्थित थे। एवं क्रांति सेना के सेनानी होमन सिंह ठाकुर धर्मेंद्र साहू भूषण साहू आजाद सिवारे माधव साहू प्रकाश साहू यह प्रमुख त्योहारों में से एक है।कमरछठ को हलषष्ठी भी कहा जाता है। इस मौके पर संतान की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने हलषष्ठी का व्रत रखा। अहिवारा नगर सहित टाउनशिप मार्केट में महिलाओं ने एक साथ एकत्र होकर सगरी पसहर चावल बेल पत्ती सहित छह प्रकार के पूजन सामग्रियों का उपयोग कर पूजा अर्चना की। शनिवार को हलषष्ठी पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा। व्रतधारी महिलाएं एकत्रित होकर दो सगरी (छोटा तालाब) के साथ मिट्टी की नाव बनाई और फूल पत्तों से सगरी को सजाकर महादेव व पार्वती की पूजा अर्चना किया इस अवसर पर हलषष्ठी माता की छह कहानी सुनाई गई। इस दिन विशेष भोजन पारंपरिक रूप से पत्तल में किया जाता है। पतरी पत्तल के लिए विशेष रूप से महुआ के पत्तों का इस्तेमाल किया जाता है। पुराने समय में खाना बनाने के लिए महुआ की लकड़ी एवं महुआ की लकड़ी से बनी करछुल खाना बनाने का चम्मच का इस्तेमाल हुआ करता था परंतु वर्तमान समय में उपलब्धता ना होने की वजह से केवल महुआ पत्तल और दोनों का इस्तेमाल होता है इस दिन पसहर चावल पकाया जाता है भैंस का दूध और भैंस से दूध से ही बने घी एवं दही का इस्तेमाल किया जाता है। मुनगा के भाजी मुनगा के पत्ते के साथ छह अलग-अलग भाजी को मिलाया जाता है।

रतन कुमार निर्देशित फिल्म संघर्ष एक जंग कहानी के लेखक, गायक,गीतकार धीरज बादी की आवाज़

सरायपाली (समय दर्शन)। निर्माता सम्राट तिवारी,सहनिर्माता बाबा देवांगन एवं रतन कुमार निर्देशित फिल्म संघर्ष एक जंग छत्तीसगढ़ी फिल्म के लेखक, गायक, गीतकार धीरज बादी की मधुर आवाज आने वाले 30 अगस्त 2024 को छत्तीसगढ़ के सिनेमाघरों में सुनने को मिलेगा। धीरज बादी सुदूर वनांचल क्षेत्र में बसा ग्राम-पंडरीपानी, तहसील- सरायपाली, जिला-महासमुंद छत्तीसगढ़ में निवास करने वाला सामान्य परिवार से संबंध रखता है। छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री में सिंगर, कंपोजर,लिरिसिस्ट, कहानी लेखन से अपना सफर शुरू कर चूके धीरज बादी छत्तीसगढ़ी फिल्म संघर्ष एक जंग में बतौर गायक,कहानी लेखक,गीतकार के रूप में अपने मधुर आवाज से गानों को सजाने का प्रयास किया है। धीरज बादी एवं रतन कुमार ने कहानी को सजाया-संवारा है। फिल्म में जानेमाने संगीत डायरेक्टर रौशन वैष्णव का संगीत है। निर्देशक ने बताया की फिल्म रोमांस,एक्शन, फैमिली ड्रामा के साथ मनोरंजन का भरपूर मसाला दिखाया गया है। गीतकार: धीरज बादी, राजन कर, अजय बारिक,सूरज मधुकर और आकाश विशाल ने फिल्म के गानों को मधुर स्वरों में पिरोया है। इस फिल्म में आज के दौर में घट रही तमाम घटनाओं के विषय में और एक आम आदमी को किस प्रकार जिंदगी से लड़कर सफलता मिलती है बताया गया है। इस तरह से यह फिल्म संघर्ष की जंग पर आधारित है इसमें समाज को नई दिशा देने, युवा वर्ग को प्रेरित करने संघर्ष एक जंग को प्रदर्शित किया है।संघर्ष भरी जिंदगी को जंग से ही जीता जा सकता है संघर्ष करते रहो युद्ध के मैदान में इस तरह से हमारी जिंदगी है जो की संघर्षपूर्ण जंग कहलाती है। समाज को नई दिशा, नई सोच, नए विचार को परीलक्षित करने के लिए संघर्ष एक जंग में प्रदर्शित किया गया है।

सत्ता जाने के बाद कांग्रेस नेता पूर्व सांसद पीआर खूँटे स्वयं कुकुर-बिलाई की तरह हो गये है- हरिनाथ खूँटे प्रदेश मंत्री

सारंगढ़-बिलाईगढ़ (समय दर्शन)। बलौदाबाज़ार ज़िला कार्यालय आगजनी मामले में गिरफ़्तार कांग्रेस के भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के रिहाई के लिए कांग्रेस के ज़िला स्तरीय धरना प्रदर्शन में पहुँचे विलोपित सारंगढ़ संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद पीआर खुटे ने धरना स्थल के मंच से एवम् मीडिया के सामने देश के गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास पर तंज कसते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री आज कुकुर-बिलई की तरह घूम रहे है।

इसी टिपण्णी पर भारतीय जनता पार्टी की तरफ़ से कड़ी आपत्ति आई है। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री व सारंगढ़ विधानसभा के युवा तुर्क हरिनाथ खूँटे ने कांग्रेस ज़िला प्रभारी के बयान पर नाराज़गी जताते हुए कहा कि श्री पीआर खुटे भाजपा से निकाले जाने के बाद कुकुर बिलई की तरह उनकी हालत हो गई है, पाँच साल कांग्रेस सत्ता में थी वहाँ भी पीआर खुटे को कोई पूछने वाला नहीं था,विश्व के सबसे बड़े नेता एवम् देश के प्रधानमंत्री व गृह मंत्री के लिये ऐसा ओछी बयानबाजी अमर्यादित है,सस्ती लोकप्रियता पाने के पीआर खूँटे अपना मानसिक संतुलन खो बैठे है, मंच से बड़ी-बड़ी बात करके कांग्रेस अपनी नाकामी नहीं छिपा सकती।

उन्होंने आगे कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश से नक्सलवाद को पूर्णत: समाप्त करने के लिए संकल्पित है इसी तारतम्य में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का प्रदेश में प्रवास हुआ है। प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार चहुँमुखी विकास के लिए कार्य कर रही है,विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, आने वाला नगरीय निकाय एवम् त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी प्रदेश की जनता भाजपा को जितायेगी।

बेलमुंडी में फैला डायरिया, 1 की मौत... पीड़ितों से मिलने पहुंची विधायक चातुरी नंद

शिविर में डॉक्टरों की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी

शंकर लहरे/ सरायपाली(समय दर्शन)। अंचल में डायरिया का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। जलपुर, छिबर्रा के बाद क्षेत्र के ग्राम बेलमुंडी डायरिया की चपेट में आ गया है। डायरिया की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत भी हो गई है। डायरिया की खबर जैसी ही क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद को मिली वे गांव पहुंचकर ग्रामीणों से भेंटकर स्थिति का जायजा लिया।

विधायक चातुरी नंद गांव में लगे शिविर का जायजा लिया और ड्यूटी में उपस्थित स्टाफको बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक नंद ने बताया कि क्षेत्र में लगातार डायरिया फैल रही है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए है। मुझे सूचना मिलने पर रात को ही सीएमएचओ को शिविर लगाने और बेहतर उपचार के लिए निर्देश प्रदान की

विधायक नंद ने गांव पहुंचने पर शिविर में डाक्टरों को अनुपस्थिति में पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को फटकार लगाई।

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मोहन लाल भोई, विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, सरपंच ताराचंद चौधरी, जयंत यादव समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विपक्ष की आवाज दबा रही साय सरकार : रविन्द्र चौबे

राजनांदगांव (समय दशन)। प्रदेश की भाजपा सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदा बाजार में आगजनी जैसी भयावह घटना घटी है, अब प्रदेश की भाजपा सरकार अपनी नाकामी छिपाने तानाशाही रवैय्या अपनाते हुए कांग्रेस नेताओं पर षड्यंत्रपूर्वक कार्यवाही कर कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव एवं युवक कांग्रेस-एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है, जिसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर 24 अगस्त को कांग्रेस द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन कर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाएं।

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन प्रभारी रविन्द्र चौबे की उपस्थिति में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को दोपहर 12 से 3 बजे तक महावीर चौक फ्लाई ओव्हर के नीचे धरना-प्रदर्शन कर प्रदेश की तानाशाह भाजपा सरकार पर कांग्रेसजनों ने जमकर हल्ला बोला। इससे पूर्व सर्वप्रथम अंहिसा के पुजारी बापू महात्मा गांधी जी के तैलचित्र पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

धरना-प्रदर्शन प्रभारी व पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे ने उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे युवा विधायक देवेन्द्र यादव सहित कांग्रेस नेताओं पर षड्यंत्रपूर्वक राजनैतिक द्वेष के चलते पुलिस कार्यवाही कर जेल भेज रही है। हम कांग्रेस अंग्रेजों से नहीं डरे तो इस भाजपा सरकार से क्या डरेंगे। प्रदेश की भाजपा सरकार सतनामी समाज को बदनाम कर उनकी एकता को तोड़ने की कोशिश कर रही है। आठ माह की साय सरकार पूर्णत: विफल सरकार है। पूर्ववती कांग्रेस सरकार की जनहितकारी योजनाओं को साजिश के तहत बंद कर रही है।

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने प्रदेश की साय सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार व पुलिस बताये कि किन भाजपा नेताओं को नोटिस दिया है किससे पूछताछ की गयी। भाजपा सरकार का चरित्र और व्यवहार 8 माह में ही अलोकतांत्रिक हो गया है। विपक्ष के विधायक को झूठे मुकदमें में फंसा कर गिरफ्तार किया गया। मामले में सतनामी समाज और कांग्रेस के लोगों को चिन्हांकित करके उनको जेलों में डाला गया। हम सरकार से न्याय संगत कार्यवाही की माग करते है।

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि साय सरकार अपनी नाकामी छुपाने विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा सरकार की बौखलाहट है, जबकि बलौदाबाजार में हुई आगजनी की घटना शासन-प्रशासन की बड़ी लापरवाही और सरकार के इंटेलिजेंस के फेल होने के कारण हुई है।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस नेता लगातार प्रदेश की भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर कर रही है तो इससे भयभीत होकर भाजपा सरकार बौखलाकर कांग्रेस नेताओं पर षड्यंत्रपूर्वक कार्यवाही कर डरा रही हैं, जबकि कांग्रेस न तो डरती है, न डरने वाली वाली है।

धरना प्रदर्शन को डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, जितेन्द्र मुदलियार, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, शाहिद खान, थानेश्वर पाटिला, मेहुल मारू, श्रीकिशन खंडेलवाल, महापौर हेमा देशमुख, रूपेश दुबे, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, शारदा तिवारी, गोपीचंद गायकवाड़, इकरामुद्दीन सोलंकी, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, अशोक फड्नवीस, विजयराज सिंह, योगेन्द्र प्रताप सिंह, अमित खंडेलवाल, एजाजूर रहमान, नीरज कन्नौजे, पार्षद मधुकर बंजारे, अजय छेदैया, पूर्णिमा नागदेवे, सिद्धार्थ डोंगरे, ऋषि शास्त्री, पवन तिवारी, संजय साहू ने संबोधित किया।

खबर-खास

रेत का कर रहे थे अवैध परिवहन, केसरा के पास दो गाड़ी पर कार्रवाई

खनिज विभाग ने दी दबिश, दोनो गाड़ी रानितराई थाने के सुपुर्द

पाटन। दक्षिण पाटन क्षेत्र में लगातार अवैध रूप से रेत का परिवहन की शिकायत मिल रही थी। इस पर कलेक्टर दुर्ग एवं जिला खनिज अधिकारी ने संज्ञान पर लेते हुए निर्देश दिया कि तत्काल मौके पर जाकर कार्रवाई की जाए । इसी आधार पर खनिज विभाग की टीम ने आज दक्षिण पाटन क्षेत्र का दौरा किया। केसरा के पास एक हाईवा एवं एक ट्रैक्टर पर रेत का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था जिस पर कार्रवाई भी की गई । दोनों गाड़ी को रानी तराई थाने के सुपुर्द किया गया है। खनिज विभाग की टीम कार्रवाई कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम केसरा के आसपास आज खनिज विभाग की टीम ने दबिश दी जिसमें एक हाईवा तथा एक ट्रैक्टर पर रेत का अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे थे जिसे रोककर पूछताछ की गई। इसके बाद गाड़ी को रानी तराई थाने के सुपुर्द किया गया। खनिज विभाग अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस ने रायपुर में रिटेल स्टोर लॉन्च किया

रायपुर : भारत के विभिन्न क्षेत्रों से साड़ियों का व्यापक संग्रह सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराने के लिए प्रसिद्ध बंगाल की अग्रणी रिटेल श्रृंखला, इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस ने रायपुर में अपना नया स्टोर शुरू किया है। स्टोर का उद्घाटन इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस की संस्थापक, प्रतिभा दुधोरिया द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर, प्रतिभा दुधोरिया ने कहा कि आधी सदी से अधिक की विरासत के साथ, इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस पूर्वी भारत की सबसे बड़ी सिल्क साड़ी रिटेल श्रृंखला है। यह ब्रांड अपनी गुणवत्ता, कारीगरी और ग्राहक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस का मिशन है कि गुणवत्ता वाले उत्पादों को सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराना। एक तेजी से बढ़ती रिटेल श्रृंखला के रूप में, हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्राहकों के आशीर्वाद से हम पूरे देश में अपनी रिटेल उपस्थिति स्थापित करने के लिए तैयार हैं और आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साड़ी के साथ, हम दशकों की विरासत को आगे बढ़ाते हैं। यह एक कारीगरी की विरासत है, जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी सौंपा गया है, जहाँ हर धागा धैर्य, रचनात्मकता और सांस्कृतिक गर्व की कहानी कहता है। जैसे ही हम रायपुर में अपनी यात्रा शुरू करते हैं, हम नई यादें बनाने और नई सफलताओं को बुनने की आशा करते हैं।

जन्माष्टमी विशेष: कलर्स के कलाकारों ने बताया कि वे भगवान कृष्ण का जन्मदिन कैसे मनाते हैं

कलर्स के 'सुहागन' में वेदांत की भूमिका निभा रहे अक्षय खरोड़िया कहते हैं, हमेशा से मेरे दिल में जन्माष्टमी की खास जगह रही है। इससे मेरे बचपन की यादें ताज़ा हो जाती हैं, जब मैं और मेरे दोस्त हमारी सोसायटी में भगवान कृष्ण की मूर्ति लाते थे, और पूरी सोसायटी साथ मिलकर पूजा करती थी। मैं अभी भी मानव पिरामिड में सबसे ऊपर चढ़ने और हांडी फोड़ने के उत्साह को महसूस कर सकता हूं। अब, हमारे सेलिब्रेशन ज़्यादा घनिष्ठ हो गए हैं – घर पर एक छोटी सी पूजा और सेट पर मेरे सुहागन परिवार के साथ एक विशेष उत्सव। इसके बाद भी, इस त्योहार की खुशी और भावना अभी भी वैसी ही है। मेरी कामना है कि इस खूबसूरत दिन पर आप सभी को भगवान कृष्ण का आशीर्वाद मिले। वह आपके जीवन को शांति और समृद्धि से भर दें। हैप्पी जन्माष्टमी! कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में अदित की भूमिका निभा रहे नमन शॉ कहते हैं, मेरे गृह नगर, कोलकाता में मेरे परिवार में एक परंपरा है जहां इस शुभ दिन पर बुज़ुर्ग आधी रात तक उपवास करते हैं, महा आरती करते हैं और भगवान कृष्ण की मूर्ति को झूला झुलाते हैं।

युवा कांग्रेस ने बरसते पानी के बीच जेल भरो आंदोलन के दौरान किया जमकर प्रदर्शन कांग्रेसियों की गिरफ्तारी व रिहा

गरियाबंद (समय दर्शन)। बलौदाबाजार मामले में भिलाई के कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है।गिरफ्तारी के विरोध में गरियाबंद युवा कांग्रेस द्वारा केशवेंद्र सिंहा व अमित मारी के नेतृत्व में रविवार को जेल भरो आंदोलन कर अपनी आवाज बुलंद करते हुए राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि मामले में षडयंत्रपूर्वक टारगेट बनाकर कार्यवाही कर जेल भेजा जा रहा है और निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है।युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता जेल भरो आंदोलन को लेकर सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस भवन से हाथ में बैनरङ्कपोस्टर लेकर नारेबाजी करते हुए निकले थे।जहां उन्हें पुलिस प्रशासन द्वारा तिरंगा चौक में रोक लिया गया,प्रशासन द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर बेरीकेट्स लगाकर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ता और पुलिस के बीच जमकर झुमाझटकी हुई।जिसके बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमीन में बैठकर प्रदर्शन करने लगे।युवा कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई।जहां बरसते पानी के बीच

कांग्रेसी कार्यकर्ता प्रदर्शन करते रहे, इसके साथ ही सुरक्षा में तैनात पुलिस बल भी बारिश में भींगते हुए मुस्तैदी से डटे हुए थे। जिसके बाद पुलिस बल द्वारा युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को गांधी मैदान ले जाया गया,जहां स्थित मंगल भवन को अस्थाई जेल बनाया गया था।जेल भरो आंदोलन में लगभग 62 युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करते हुए उन्हें रिहा कर दिया गया,जिसके बाद युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार मयंक अग्रवाल को ज्ञापन भी सौंपा।

इस दौरान जिला युवा कांग्रेस के केशु सिन्हा,अमित मिरी,अमृत पटेल ने मांग किया कि विधायक देवेंद्र यादव समेत जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं एनएसयूआई पदाधिकारियों व अन्य निर्दोष लोगों को रिहा करते हुए प्रताड़ित करना बंद करें।इस मौके पर चित्रांश ध्रुव,पूनम साहू,आत्माराम,रूपेश दीवान,सोहन नागेश,खेमू साहू, अमर सिंह,सूरज यादव,राघवेंद्र यादव,बालेश मरकाम, राधे सेन, शाहिद मेमन,मनोज पांडे,नंदू गोस्वामी,खम्मन पटेल,देवानाद ध्रुव,खोमू पटेल,सतीश कुमार,घनश्याम सेन,माखन वर्मा, भैयालाल,मनोज पांडे,टिकेश्वर, जितेंद्र यादव,देवेंद्र कश्यप, देवनारायण ध्रुव,परमेश्वर ध्रुव, विजय कृष्ण नागेश,आनद जायसवाल, रूपेंद्र सोम, नंदू साहू, राजकुमार ध्रुव, खेमू साहू,डोमन तारक, अलंकार सिन्हा, कुलेश्वर धनकर,प्रीत साहू,श्रवण साहू,संतु साहू सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

राजिम में एनसीसी इकाई ने नशीली दवाओं और शराब की लत के खिलाफ चलाया, नया सवेरा अभियान

गरियाबंद (समय दर्शन)। नगर के प्रतिष्ठित रामबिशाल पांडे उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के एनसीसी के छात्र सैनिकों ने नशीली दवाइयों एवं शराब की लत के खिलाफनया सवेरा अभियान चलाया जिसमे 27 छत्तीसगढ़ बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टीनेंट कर्नल प्रदीप कुमार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में तथा सेजेस राजिम के प्राचार्य संजय एक्का के सहयोग व एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा के कुशल नेतृत्व में विद्यालय के छात्र सैनिकों ने नशा,नशीली दवाइयों एवं शराब की लत के खिलाफअभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जिसके अंतर्गत विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्र के ध्येय वाक्य के साथ संकल्प लिया साथ ही सभी छात्र सैनिकों से नया सवेरा थीम पर चित्र,ड्राइंग तथा स्लोगन,नारा लिखवाकर प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदर्शन कर जनजागरूकता हेतु प्रयास किया गया।ज्ञात हो कि भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुवात की गई है जिसमे विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्र थीम पर समस्त विद्यार्थियों विद्यालयों

महाविद्यालयों छात्रावासों स्तर पर नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा की शपथ का वाचन कराया जाना साथ ही एनसीसी राज्य कार्यालय के द्वारा नया सवेरा अभियान के अंतर्गत नशीली दवाइयों एवं शराब के लत के खिलाफ जनजागरुकता अभियान चलाया जाना प्रस्तावित था तदनुसार आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु एनसीसी के कैडेटों द्वारा नया सवेरा अभियान अंतर्गत कार्यक्रम किया गया जिसमे पोस्टर स्लोगन के अलावा शासकीय सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र राजिम के बीएमओ डा वीरेंद्र हिरोंदिया के सहयोग से संगोष्ठी तथा परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर देवेंद्र भारती इंचार्ज शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर रहे उन्होंने छात्र सैनिकों को तंबाखू, नशीली दवाइयों,शराब आदि से होने वाले दुष्प्रभाव एवं बीमारियों आदि को विस्तार से समझाते हुए छात्र सैनिकों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्हें नशे से दूर रहने एवं स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने का वचन लिया साथ ही समाज को जागरूक करते रहने का संकल्प को पूरा करने कहा।

कार्यक्रम के दौरान अपने वक्तव्य में प्राचार्य संजय एक्का ने एनसीसी द्वारा चलाए जा रहे नया सवेरा अभियान की तारीफ की तथा एनसीसी अधिकारी व छात्र सैनिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा की आप लोगो के माध्यम से समाज में युवाओं में चेतना जागृत हो रही है और एनसीसी उसका एक सशक्त माध्यम है।वरिष्ठ व्याख्याता बीएल ध्रुव ने कहा कि नशापान से पारिवारिक सुख एवं समृद्धि का अंत होता है,जिससे जीवन में भटकाव की स्थिति बनती हैं।

व्याख्याता श्रीवास्तव ने बताया कि नशापान से वातावरण प्रदूषित होता है,जिससे हमारे परिवार के बच्चे अधिक प्रभावित होते है।एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा ने कहा कि एक एनसीसी कैडेट होकर हमें संकल्प लेना होगा कि अपने छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने,अपने परिवार में हर्षोल्लास रखने,तन,मन,धन को सुदृढ़ बनाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सभी वर्ग के व्यक्तियों में नशीली दवाइयों एवं नशापान के दुष्परिणामों को प्रचारित कर यथा संभव नशा पीड़ितों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उन्हें नशामुक्ति के लिए प्रेरित करेंगे साथ ही कार्यक्रम के समापन में आभार प्रदर्शन करते हुए चिकित्सा अधिकारी एवं प्राचार्य को एनसीसी क्लैप के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से व्याख्याता बी एल ध्रुव,संजय श्रीवास्तव,एम एल सेन, कमल सोनकर,गोपाल देवांगन,प्रधान पाठक अजय गोस्वामी,उपस्थित रहे।छात्र सैनिकों को सीनियर सीएसएम तेजेस सोनकर,सीएसएम वैभव दुबे, सीक्यूएमएस शिवम साहू,सार्जेंट उमा वर्मा,सार्जेंट विभाष दाऊ,कॉरपोरल श्रेया ठाकुर,निश्चला साहू,लांस कार्पोरल सावन सोनी, राजीवनयन आदि सक्रिय रूप से रहे।

जिले में हुआ प्रधानमंत्री श्री मोदी के लखपति दीदी कार्यक्रम का प्रसारण

जिले के स्व सहायता समूह के सदस्यों ने लखपति दीदियों से संवाद व सम्मान कार्यक्रम का किया अवलोकन

गरियाबंद (समय दर्शन)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जलगांव, महाराष्ट्र में आयोजित एक कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की लखपति दीदियों को संबोधित व सम्मानित किया गया। जिसका सीधा प्रसारण जिला गरियाबंद की गठित स्व-सहायता समूह की दीदियों ने भी देखा और सुना। इस कार्यक्रम का प्रसारण जिला, विकासखण्ड, संकुल स्तर, ग्राम संगठन स्तर व समूह स्तर पर किया गया।साथ ही जिले की 1776 लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रसारण कार्यक्रम रखा गया।जिसमें स्व-सहायता समूह से बनी लखपति दीदियों ने प्रतिभागिता की। यह कार्यक्रम प्रमुख रूप से जिले में गठित 20 संकुल संगठनों में आयोजित किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने कार्यक्रम में प्रतिभागिता की। विदित हो कि लखपति दीदी पहल के तहत् स्व-सहायता समूह की

सदस्य की वर्ष भर की आय 1 लाख या 1 लाख से ऊपर हो ऐसा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत् उन्हे उन्नत कृषि, पशुपालन व अन्य आजीविका गतिविधियों की कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। जिला स्तर में आयोजित कार्यक्रम में अंजलि खलको, उपसंचालक-पंचायत विभाग, डीपीएम- पतंजल मिश्रा, रमेश वर्मा, आशीष सिंह, विकासखण्ड टीम से पंकज कुटारें, दुर्गेश साहू, प्रफुल्ल देवांगन व बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल हुए।

पूरे विश्व में ममता और प्यार के आंचल में संस्कारों का पोषण दिया डॉ. दादी प्रकाशमणि

गरियाबंद (समय दर्शन)। शिवशक्ति भवन (देवभोग मार्ग, शनिमंदिर के पास) प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गरियाबंद में डॉ. दादी प्रकाशमणि की 17वीं पुण्यतिथि पर ब्रह्माकुमारी बिंदु दीदी,गीता दीदी व वरिष्ठ लोगों द्वारा ईश्वरीय स्मृति गीत के साथ चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। ब्रह्माकुमारी बिंदु दीदी ने बताया कि डॉ. दादी प्रकाशमणि एक ऐसी विभूति थी जिन्होंने पूरे विश्व में ममता और प्यार के आंचल में संस्कारों का पोषण दिया। दादी गहन योग व तपस्या के द्वारा बाह्य और आंतरिक रुप से सशक्त बनती गई।

प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने इनके तेज और आध्यात्मिक प्रकाश को देखते हुए दादी को प्रकाशमणि के नाम से सुशोभित किया। उन्होंने

बताया कि विश्व में शांति की पताका फहराने के लिए दादी प्रकाशमणि को अंतरराष्ट्रीय शांतिदूत पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर गीता दीदी ने दादी डॉ. प्रकाशमणि के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए।उपास्थित वरिष्ठ समाज सेवी एवम् भूतपूर्व शिक्षक श्री गंगासागर जी ने गीत के माध्यम से दादी जी के जीवन को चरितार्थ किया। इस विशेष कार्यक्रम में नगर के समाजसेवी और संस्थान के आत्मीय भाई बहनों की उपस्थिति रही।

इंटेलिजेंट CUV, MG विंडसर ने कच्छ के रण में साबित की अपनी दमदार क्षमता

रायपुर: JSW MG मोटर इंडिया के जल्द लॉन्च होने वाले भारत के पहले क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल (CUV), स्त्र विंडसर ने गुजरात स्थित कच्छ के रण के चुनौतीपूर्ण इलाकों में अपनी असाधारण क्षमता का प्रदर्शन किया है। कच्छ के रण को दुनिया के सबसे बड़े नमक के रेगिस्तान में शामिल किया जाता है। यहां के 44 डिग्री सेल्सियस से भी गर्म इलाकों में भारत की पहली CUV-MG विंडसर ने अपनी दमदार क्षमता और बेहतरीन इंजीनियरिंग का प्रदर्शन किया। हाल हमें रिलीज़ किए गए नए वीडियो में बेहद गर्म माहौल के बीच कठोर और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर जीत हासिल करने की MG विंडसर की बेजोड़ क्षमता पर प्रकाश डाला गया है। यही खूबियां इसकी दमदार ताकत और मजबूती को प्रदर्शित करती हैं। इतने चुनौतीपूर्ण इलाके में इस इंटेलिजेंट CUV का सफर इसकी मजबूत डिजाइन, एडवांस तकनीक और बेजोड़ पर्फोर्मेंस का प्रमाण है। इस कार को सबसे कठिन चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया गया है। MG विंडसर ने इस परीक्षण में सिर्फ चुनौतीपूर्ण जमीन पर अपनी ताकत का प्रदर्शन नहीं किया है, बल्कि यह भी साबित किया है कि वास्तविक पस्थितियों में विंडसर कितनी दमदार है और किस तरह सड़क पर अपना प्रभुत्व स्थापित करती है।

ओरिएंटल ट्राइमेक्स लिमिटेड ने स्टोन इंडस्ट्री में क्रांति लाने, बाजार में उपस्थिति बढ़ाने और वित्तीय उपलब्धियां हासिल करने के लिए रणनीतिक विकास की घोषणा की

नई दिल्ली : भारत में नेचरल स्टोन्स के अग्रणी प्रोसेसर और व्यापारी ओरिएंटल ट्राइमेक्स लिमिटेड (क्रस्श्व ङ्क 532817) रणनीतिक विकास की एक श्रृंखला की घोषणा की, जो इसकी परिचालन क्षमताओं को फिर से परिभाषित करने, इसकी बाजार उपस्थिति का विस्तार करने और इसकी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए तैयार है। ये पहल नवाचार, विकास और ग्राहक संतुष्टि के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाती हैं।

1. वायर-आधारित गैंगसॉ मशीन के साथ स्टोन प्रोसेसिंग में क्रांतिकारी छलांग- ओरिएंटल ट्राइमेक्स लिमिटेड अत्याधुनिक वायर-आधारित गैंगसॉ मशीन के आयात और स्थापना के साथ स्टोन इंडस्ट्री में क्रांति लाने के लिए तैयार है, जिसे आमतौर पर स्लैब कटिंग के लिए केबल मशीन कहा जाता है। चीन में चांग्शा बेटो न्यू मटेरियल टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड से ली गई यह अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी भारत में अपनी तरह की पहली टेक्नोलॉजी होगी और इसे चेन्नई के पास गुम्मिडिपोंडी में ओटीएल के प्लांट में स्थापित किया जाएगा।

कई ब्लेडों का उपयोग करने वाले पारंपरिक गैंगसॉ के विपरीत, यह उन्नत मशीन 0.4-0.6 मिमी के व्यास के साथ डायमंड-कोटेड केबलों की एक श्रृंखला का उपयोग करती है, जो सटीक कटौती को सक्षम करती है और सटीकता और दक्षता के लिए एक नया मानक स्थापित करती है। न्यूमेटिक वायर टेन्शनिंग, हाइड्रोलिक सिलेंडर सपोर्ट और बेलो-प्रोटेक्टेड लिनियर रेल्स जैसी सुविधाओं के साथ, वायर-आधारित गैंगसॉ कचरे को काफी कम करता है, स्थायित्व बढ़ाता है, और पारंपरिक मशीनों की तुलना में काटने की प्रक्रिया को लगभग तीन गुना तेज कर देता है।

:: आम सूचना ::

क्रमांक :- 111 दिनॉक - 24.08.2024

ग्राम-पोटियाकला (उत्तर), विवेकानंद नगर, वार्ड नं. 53, प.ह.नं. - 38, रा.नि.मं. – कसारीडीह, तह. - दुर्ग जिला - दुर्ग में स्थित भूमि के संबंध में।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार क्रेता- भेद प्रताप साहू, पिता तारकेश्वर साहू पता - एल.आई.जी. 640, पदमनाभपुर, दुर्ग ने विक्रेता - रवि शेखर प्रसाद सिन्हा आ. नरेश प्रसाद सिन्हा, पता- बैंक ऑफ महाराष्ट्र, राजनॉदगॉव जिला - राजनांदगॉव, छ.ग. से मौजा ग्राम-पोटियाकला (उत्तर), विवेकानंद नगर, वार्ड नं. 53, प.ह.नं. - 38, रा.नि.मं. -कसारीडीह, तह. - दुर्ग जिला - दुर्ग वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नं. 150/153, रकबा 0.0204 हे. है, अर्थात 2200 वर्गफीट भूमि में निर्मित मकान है को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है। जिसे मेरे पक्षकार क्रेता द्वारा भूमि स्वामी से सौदा शुदा भूमि का केवल पंजीयन निष्पादन करना बाकी है।

अतः उक्त भूमि के सौदे / विक्रय के सबंध में जिस व्यक्ति, व्यक्तियों, साहूकार निगम, बैंक, संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग एवं अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो, अपनी लिखित उजर, दावा, या आपत्ति मय, सुसंगत दस्तावेज के आधार पर इस सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा एवं तत्पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सो सूचना जानें।

स्थान- दुर्ग, दिनाक- 24/08/2024

विलास दास मानिकपुरी
अधिवक्ता
जिला न्यायालय दुर्ग छ.ग.
MOB.- 9826785486

न्यायालय अतिरिक्त पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202408104500052

मामले की श्रेणी: राजस्व
विषय:- अ-6, सन:- 2023-2024
करसा (प ह न. 00012)
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार- शेषनारायण शर्मा, अरूणा शर्मा, रत्ना तिवारी, अनावेदक पक्षकार - सुधांशु शर्मा, हिमांशु शर्मा

//ईश्तहार//

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम करसा प.ह.नं. 12 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शेषनारायण पिता स्व. अंबिका प्रसाद शर्मा अन्य 02 निवासी ग्राम जुनवानी रोड कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम करसा प.ह.नं. 12 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित हिमांशु शर्मा एवं सुधांशु शर्मा दोनो पिता मोहित शर्मा के नाम दर्ज संयुक्त खाते की भूमि ख.नं. 1138, 1139, 1142/2, 1145 रकबा 0.07, 0.16, 0.21, 1.00 हे. में खातेदार हिमांशु एवं सुधांशु का दिनांक 07.06.2024 को फौत होने से मृतक खातेदारों का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण से अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।

अत: आवेदक शेषनारायण पिता स्व. अंबिका प्रसाद शर्मा अन्य 02 द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोकतानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 09-09-2024 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, जिला दुर्ग

रा.प्र.क्र. / ई कोर्ट रजि.नं.	पक्षकार का नाम
202408100400370, अ-2/2023-24	श्रीमती सुरिन्दर कौर

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सुरिन्दर कौर पति श्री कुलदीप सिंह निवासी दल्लीराजहरा बालोद द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन / पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है ।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है	खसरा नम्बर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम- सिकोला प.ह.नं. 17 तहसील व जिला दुर्ग	24/58	0.0202 हे. 2170 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला दुर्ग

संक्षिप्त-खबर

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विधायक गजेंद्र यादव ने दी शुभकामनायें

दुर्ग (समय दर्शन)। शहर विधायक गजेंद्र यादव ने भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश की जनता की खुशहाली और तरक्की के लिए भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना करते हैं। विधायक ने कहा कि श्रीकृष्ण भगवान ही हमें सिखाते हैं कि जीवन कर्म प्रधान है। भगवद गीता में अर्जुन के सामने जब क्या करूं क्या न करूं की स्थिति थी तब श्रीकृष्ण ने ही उन्हें मार्ग दिखाया था। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें प्रतिकूल परिस्थितियों से लड़ना और जीतना सिखाता है। विधायक श्री यादव आगे कहा की जन्माष्टमी का पर्व भारतीयों के लिए श्रीकृष्ण के जन्म का प्रतीक है। इस पर्व को पूरे उत्साह से सभी को मनाना चाहिए। जन्माष्टमी पर दुर्ग विधानसभा में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम में भी शामिल होकर उत्साहवर्धन करेंगे।

छतीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज द्वारा दीपांजली वर्मा को मिला सम्मान

पाटन (समय दर्शन)। शासकीय चंदूलाल चंद्राकार स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका बीए अंतिम वर्ष की छात्रा दीपांजली वर्मा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सम्मिलित हुई । देश की राजधानी दिल्ली मे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे छत्तीसगढ़ प्रदेश से 16 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है इसमें से एक छात्रा पाटन महाविद्यालय से है जो पूरे अंचल के लिए गौरव का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलो से होने वाले ध्वजारोहण को साक्षात रूप से देखने का अवसर पाटन की छात्रा दीपांजली वर्मा को प्राप्त हुआ साथ ही प्रधानमंत्री से उनकी मुलाकात भी हुई । छोटे से गांव अरसनारा की रहने वाली दीपांजली कृषक परिवार से है इनकी उपलब्धि से पूरा गांव गौरवान्वित हो गया है। दीपांजली की इस उपलब्धि पर उसे हार्दिक बधाई एवं शुभकामना प्रदान करते हुए उसके गृह ग्राम अरसनारा पहुंचने पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज के राज प्रधान युगल किशोर आडिल सहित समाज के सभी पदा अधिकारीयों ने दीपांजली का सम्मान किया ।

चीजगांव में महिलाओं ने रखा कमरछठ व्रत

साजा (समय दर्शन)। साजा विकासखण्ड के ग्राम चीजगांव के महिलाओं ने कमरछठ व्रत रखकर आस्थाओं के साथ प्राण प्रतिष्ठा किया । सभी महिलाएं विधि-विधान से पूजन अर्चन के लिए ग्राम के शीतला प्रांगण पहुंचकर पूजन-अर्चन की। पूजन-अर्चन पुरोहित महाराज चेतन शर्मा के द्वारा कराया गया। इस त्यौहार पर सभी महिलाएं पूजा पाठ करने के बाद पसहर चावल को पकाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। पूजन-अर्चन के दौरान सैकड़ों महिलाओं ने व्रत रखकर प्राण प्रतिष्ठा किया। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चे, पुरुष और महिलाएं उपस्थित रहे।

सेलूद में 26 अगस्त को मनाई जाएगी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव, तैयारी शुरू, विविध आयोजन भी होंगे

सेलूद (समय दर्शन)। ग्राम सेलूद में यादव समाज द्वारा इस वर्ष श्री कृष्ण जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। ग्राम पंचायत सेलूद के उपसरपंच चंचल यादव ने जानकारी दिया है की 26 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। श्री कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना किया जाएगा। कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। इसके अलावा श्री कृष्ण दैपायन पंडवानी मंडली ग्राम आमापारा जिला बालोद द्वारा पंडवानी की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद साई कृपा डांस परिवार चार भाटा गुंडरदेही द्वारा भी मंचीय प्रस्तुति दी जाएगी। उपसरपंच चंचल यादव ने इस आयोजन में सभी को शामिल होने की अपील किया है।

स्मार्ट शिक्षकों के साथ विकास खंड स्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा ने समीक्षा बैठक लिया

बसना (समय दर्शन)। बसना जनपद सभागार में स्मार्ट शिक्षकों की समीक्षा बैठक विकासखंड स्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा बसना पूर्णानंद मिश्रा के द्वारा लिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विकासखंड में शिक्षा स्तर को बेहतर बनाना,आवश्यक संसाधन का सदुपयोग कर बसना विकासखंड को बेहतर बनाना है। बैठक का मुख्य एजेंडा-बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने,स्कूलों में साउंड सिस्टम का होना,स्मार्ट क्लास के लिए स्मार्ट टीवी,बच्चों के लिए टाई,मोजा,जूता एवं परिचय पत्र के लिए भी प्रेरित किया गया।प्रतिदिन प्रार्थना साउंड सिस्टम के माध्यम से हो तथा बच्चें प्रार्थना में नीति वाक्य का वाचन करे। बच्चों में नियमित अच्छी आदतें संस्कार देने से अच्छे कार्यों को अनुसरण करेंगे।आने वाले समय में इसका बेहतर परिणाम मिलेगा।पूर्णानंद मिश्रा ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का उद्देश्य हर बच्चे को बढ़ने और व्यक्तित्व विकसित करने का अवसर प्रदान करने के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे ब्लॉक के सभी शिक्षक स्व प्रेरित होकर ड्रेस कोड लागू किये है,जिसमें आज के बैठक में अधिकतर स्मार्ट शिक्षक ड्रेस कोड में आए थे उनको बधाई देते हुए स्वागत भी किया।ट्यूनिंग ऑफ़ स्कूल एवं नवोदय प्रयास कोचिंग के लिए रणनीति भी बनाया गया।आने वाले समय में आवासीय ब्लॉक के द्वारा कोचिंग की व्यवस्था की बात कहीं। नए बीआरसीसी बनने पर कार्य में तेजी आया है। जिले में बेहतर कार्य करने के लिए बसना को बधाई भी मिल रहा है। विकासखंड में और बेहतर कार्य करने के लिए स्मार्ट शिक्षक विरेंद्र कर, डिजेन्द्र कुर्रे, शरण दास,प्रेमचंद साव,सालिक राम टंडन, मयंक गुप्ता, मनोरंजन साहू, सुशील प्रधान, प्रकाश सिदार एवं अन्य शिक्षकों ने अपनी सुझाव दिए।उत्कृष्ट कार्य के लिए बी आर सी सी पूर्णानंद मिश्रा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे.आर.डहरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, बद्री विशाल जोल्हे,लोकेश्वर सिंह कंवर ने बधाई दिए है। समीक्षा बैठक विकास खंड बसना के सभी तीस संकुल केंद्र के अधिकतर स्मार्ट शिक्षकों की उपस्थिति रही।

3 हजार से अधिक भक्तों ने किया रामायणजी के अरण्यकांड का पाठ,

- आज सुबह से मध्यरात्रि तक मनेगा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

दुर्ग (समय दर्शन)। कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के लिए प्रसिद्ध राधाकृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी में नवधा पारायण रामायण पाठ करने भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। यहां आयोजन के पांचवें दिन लगभग 3 हजार से अधिक भक्तों ने सामूहिक रूप से रामायण पाठ किया। वहीं दूसरी ओर विष्णु महायज्ञ में लोक कल्याण के लिए मंत्रोच्चार के साथ यजमान आहुतियां समर्पित कर रहे हैं*।

26 अगस्त को महेश नगर के राधाकृष्ण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव सुबह 6 बजे से मध्यरात्रि तक मनेगा। इसमें सुबह ?6 ?बजे प्रभातफेरी, 7 बजे से मंगला?आरती, 8.30 बजे से महाभिषेक, ? 9.30 बजे से ध्वजारोहण, ? 11.30 बजे ? से छप्पन भोग, शाम 5 बजे से रास ?गरबा और रात 12 बजे भगवान का ? जन्मोत्सव ?मनाया जाएगा। रात 8.30 बजे से वृंदावन के ?प्रसिद्ध भजन गायक जतिन अग्रवाल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी ?जाएगी। पंजरी का प्रसाद बंटेगा।?? आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने अधिक से अ?धक भक्तों को जन्माष्टमी उत्सव में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

चित्रकूट के प्रसंग पर भजन हुआ- इधर रविवार को जोधपुर के पं. गोपाल आसोपा और पं. सुशील आसोपा ने श्रद्धालुओं को नवधा रामायण का सामूहिक पाठ करवाने के साथ ही भगवान राम का भारद्वाज वाल्मिकी संवाद, भगवान का चित्रकूट निवास, दशरथजी का देवलोक गमन और भरतजी के चित्रकूट प्रस्थान के प्रसंग पर संगीतमय सार भी बताया। आखिर में रामायणजी की आरती की गई। मंदिर समिति के प्रमुख शरद राठी, चतुर्भुज राठी, गोविंद शर्मा, रामफल शर्मा, सुखदेव राठी, राजेंद्र फोफलिया, ललित सक्सेरिया, श्याम टावरी, न?रसिंह भूतड़ा, मुरारी भूतड़ा, संजय रुंगटा, मुरली राठी, मनोहर राठी, नरेंद्र रुंगटा, पुरुषोत्तम गांधी, अनुपम शर्मा, अश्वनी चंद्राकर, सुनील जैन, सुनील (बाबू) जैन, मनोज वाघेला, नरेंद्र राठी, चंद्रप्रकाश राठी, बंशी राठी सहित अन्य सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं।

शास प्राथमिक शाला बंसूला मे कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

बसना (समय दर्शन)। प्राथमिक शाला बंसुला में कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस पावन कार्यक्रम को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक दिनेश डडसेना और समिति के अध्यक्ष चमेली सागर श्री कृष्ण की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये । डडसेना सर ने अपने उद्बोधन में श्री कृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन किया तथा मैंने नही माखन खायो.. श्री कृष्ण के लीला पर कहानी को सुनाया गया।

ततापश्चात कृष्ण एवं राधा के वेश में आए हुए छात्र-छात्राओं का परिचय कराया गया और उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृष्ण एवं राधा के वेश में आए हुए छात्र-छात्राओं ने मुरली बजाकर ,,राधा ढूंढ रही है गाने पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में लगभग 60 छात्र छात्राएं कृष्ण राधा के वेश में भाग लिया।अंत में आभार प्रदर्शन सीता साहू मैडम के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक प्रवीर कुमार बेहेरा ,अनीता साहू ,सीता साहू पुष्पांजलि मैडम का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर संकुल समन्यवक गोवर्धन डडसेना ने कार्यक्रम की सफलता पर आभार व्यक्त किया।

विश्व आदिवासी दिवस एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल

पिथौरा (समय दर्शन)। पिथौरा के मण्डी प्रांगण में आदिवासी समाज द्वारा आयोजित विश्व आदिवासी दिवस एवं सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा संपत अग्रवाल ने शहीद वीर नारायण भगवान सिंह, बिरसा मुंडा,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गुंडाधुर एवं रानी विष्णुप्रिया देवी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान आदिवासी समाज के द्वारा मुख्य अतिथि बसना विधायक श्री अग्रवाल एवं सभी अतिथियों का सामाजिक रीति रिवाज से भव्य स्वागत किया गया। समारोह में बालक बालिकाओं द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया भर में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य पूरी दुनिया के अलग अलग हिस्सों में रहने वाले आदिवासी भाईयों के अस्तित्व दुनिया के सामने रखना और उनके अधिकारों को बढ़ावा देना। उन्होंने आगे कहा कि आज हमारे छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज का हमारे सांस्कृतिक व पारंपरिक संस्कृति को सहेजने बहुमूल्य योगदान है। वे देश के सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ ही प्राकृतिक धरोहर जल जंगल जमीन का संरक्षण करने का भी काम कर रहे हैं। यहां की परंपराएं, रीति रिवाज और संस्कृति अपने आप में खास है। आज भारत देश का कोई ऐसा कोना नहीं होगा जो हमारे छत्तीसगढ़ के हमारे आदिवासी भाई बहनों के वैभव सम्पदा को ना जानता होगा। आदिवासी समाज की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता उनकी सामुहिक जीवन, सामुहिक उत्तर दायित्व और भावनात्मक संबंध, जो निस्वार्थ भाव से एक दुसरे की सहायता करने और एकजुट होकर रहने की है। हमें गर्व है कि पूरे विश्व में भारत में सबसे अधिक आदिवासी समाज के लोग निवासरत है। जो पौराणिक काल से ही हमारी सांस्कृतिक व प्राकृतिक धरोहर को सहेजने का अतुलनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आगे भाजपा के डबल इंजन की सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताया।

विश्व आदिवासी दिवस एवं सम्मान समारोह में बतौर अतिथि सराईपाली विधायक चातुरी नंद, मण्डल अध्यक्ष नरेश सिंघल, गुलाब अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष सत्यभामा नाग, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, आदिवासी समाज ब्लाक अध्यक्ष गोलू रावल, सतीश ध्रुव,ध्रुव गोंड समाज संरक्षक मन्नुलाल ठाकुर, पिथौरा विधायक प्रतिनिधि दिलीप निषाद, अजय डड़सेना , विकास खंड शिक्षा अधिकारी केके ठाकुर, पिथौरा कालेज प्रोफेसर एस एस दीवान, किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय डड़सेना, भुषण सिंह सुर्यवंशी, कमल ध्वज नाग, तुलाराम केसरी, दयाराम बरिहा, जामसिंग दीवान, मानसिंग दीवान, प्यारेलाल खडिया, राजीव ठाकुर, धनवार सिंग, मनराखन ठाकुर, कृष्ण कुमार ध्रुव, दिनेश कालसा, श्याम कुमार नेताम मंचस्थ थे।मंच संचालन लोकेश ध्रुव एवं कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन गोड़ समाज ज़िला अध्यक्ष मनराखन ठाकुर ने किया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ नरेंद्र ठाकुर,डॉ राधेशयम ठाकुर,,के डी नाग,, तुलाराम शोरी, , तुलसी दीवान, आलेख भोई, कुंती ध्रुव, मंजूममता बरिहा, सीमा किरण, अनिल कुमार बरिहा कमल सिदार,परमेश्वर बाग, किरण कुमार नेताम, गौरीशंकर पैकरा , हरिराम नेताम, महेश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

सेसेज पिरदा मे क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया

बसना (समय दर्शन)। सेजेस पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिरदा में छठवीं, सातवीं और आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं में प्रेजेंट आफमाइंड भाव के विकास के लिए विद्यालय स्तर पर प्रश्नमंच का सफल आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में शिक्षक गुरूदेव कुमार कश्यप ने तीन राउंड में छत्तीसगढ़,भारत एवं विश्व से संबंधित प्रश्नों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों की बौद्धिक क्षमता के उत्तरोत्तर विकास हेतु यह आयोजन किया गया, जिसमें सेसेज के छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया । आपको बथा दे कि,इस प्रतियोगिता में नकारात्मक अंक का भी प्रावधान किया गया था। ताकि छात्रों मे अच्छी तैयारी के साथ भाग लेकर क्वालीफाई करने का भाव विकसित हो।जिसमें किशन राणा (छठवीं), विकास सिदार (सातवीं) चंद्रकांत धृतलहरे(आठवीं) की टीम ए ने सर्वाधिक अंक लेकर शीर्ष पर रहे। वरिष्ठ शिक्षक लोरीश कुमार ने छात्र-छात्राओं को सामान्य ज्ञान और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के विशेष टिप्स प्रदान किए। सभी छात्रों ने अगली प्रतियोगिता के लिए तैयारी करने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन हुआ प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्रीतराई में

नंदिनी अहिवारा (समय दर्शन)। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्रीतराई,संकुल सेमरिया विकासखंड धमधा जिला दुर्ग में प्रधानमंत्री की घोषणा अनुसार भारत सरकार ने चंद्रयान 3 मिशन की सफलता को पर्व के रूप में हर वर्ष 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाए जाने की घोषणा किया गया है इसी परिपेक्ष्य में आज प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन हुआ। सूर्यकांत हरदेल,सहायक शिक्षक ने बच्चो के साथ साझा करते हुए कहा कि विज्ञान किस तरह प्रगति की ओर अग्रसर कर रहा है। बच्चो में विज्ञान के प्रति रोचकता और दृष्टिकोण को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया,एतिहासिक पल को बच्चो से साझा करते हुए भारत की सफलता और गौरवगाथा से उन्हें अवगत कराया,चंद्रयान 3 भारत का एक महत्वाकांक्षी और सफल चंद्र मिशन है,अपने पूर्व वर्तियो चंद्रयान 1,चंद्रयान 2 के नक्शे कदम पर चलते हुए चंद्रयान 3 दक्षिणी ध्रुव चंद्रमा सतह पर साफ्ट लैंडिंग करने का भारत का सफल प्रयास है। चंद्रमा के इस हिस्से तक पहुंचने वाला अब तक भारत एकमात्र देश है।सभी शिक्षको की सहभागिता शाला में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ जिसमें बच्चो के स्तर अनुरूप चित्रकला कार्य गोल चंदामामा बनाना,चंद्रयान का चित्र बनाना,एक माह तक चंद्रमा के प्रतिदिन रात में होने वाले परिवर्तन का अवलोकन व चर्चा कराना,रोचक कहानी लेखन,कविता वाचन,गणित से सबंधित बड़े समूह में प्रश्न मंच,चंद्रमा से संबंधित त्योहार पर चर्चा कराना, एनसीईआरटी द्वारा निर्मित वीडियो का प्रदर्शन स्मार्ट टीवी के माध्यम से,छोटे छोटे वीडियो चंद्रयान से संबंधित दिखना,चंद्रयान की लैंडिंग को चलचित्र के माध्यम से दिखाना,चंद्रयान का मॉडल बनाना, प्रशोंत्तरी मंच के माध्यम से स्तर अनुरूप गतिविधियां आयोजित किया गया। इस दिवस में बच्चो बहुत उत्साह और आनंद के साथ भाग लिए।इस अवसर पर सभी छात्रों और शिक्षको की सहभागिता महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस कार्यक्रम के आयोजन में प्रधान पाठक मिडिल स्कूल दीप्ति किरण तिर्की,प्रधान पाठक प्राथमिक शाला थान सिंह चुरेंद्र , सूर्यकांत हरदेल, संतोष कुमार पात्रे,नीलम शशि कुजूर, षडानंद देशलहरे, मिथलेश कुमार जायसवाल,चंद्रकांत की विशेष योगदान रहा।राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस सफलता पूर्वक मनाया गया।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26